



तिथि-बैशाख, कृष्ण, द्वादशी
सोना - 98,780
शेयर मार्केट- 79,801
चांदी- 1,00,900
निफ्टी- 24,246
अधिकतम -41 °c
न्यूनतम -24 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-151 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, शुक्रवार 25 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये

## आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा : सीएम योगी




चर्चित राजनीति। ब्यूरो

- प्रधानमन्त्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करे देश, शहीद शुभम के घर पर बिफरे योगी
- मुख्यमंत्री ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से कानपुर नगर स्थित आवास पर भेंट की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से उनके कानपुर नगर स्थित आवास पर भेंट की। शुभम द्विवेदी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना की।

उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में डबल इंजन सरकार उनके साथ खड़ी है। यह आतंकी हमला क्रूर, वीभत्स तथा कायराना कृत्य है। दुनिया के प्रत्येक देश तथा सभ्य समाज ने इस घटना की निन्दा की है। मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर हुए हमले में कानपुर नगर के शुभम द्विवेदी भी दिवंगत हुए हैं। वह परिवार के एक मात्र पुत्र थे। उनका विवाह 2 माह पूर्व ही सम्पन्न हुआ था। आज दिवंगत श्री शुभम द्विवेदी के परिजनों से भेंट हुई है। कल भी उनके पिता से बात हुई थी। शुभम द्विवेदी का पार्थिव शरीर रात्रि में ही यहां आ चुका है। अब अन्तिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना बताती है कि आतंकवाद अब अन्तिम सांस ले रहा है। जाति और धर्म पूछकर बहन-बेटियों के सिन्दूर को उजाड़ने का कृत्य कोई सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। खास तौर पर भारत के अन्दर यह कृत्य कतई स्वीकार्य नहीं है। भारत सरकार की आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति आतंकवाद को प्रभावी ढंग से नेस्तनाबूद कर रही है। कल आतंकवाद के ताबूत पर अन्तिम कील ठोंकने की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में सीसीएस (कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी) में इसके सम्बन्ध में निर्णय लिए गए हैं। देश के लोगों को इस दुःखद घड़ी में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व पर विश्वास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम में घटना स्थल का दौरा किया है। आतंकवाद और उग्रवाद की पूर्ण समाप्ति के लिए पूरा भारत आगे बढ़ा है। आतंकी घटना को अंजाम देने तथा इस साजिश (शेष पृष्ठ 7 पर)

# आतंकियों को देंगे सख्त सजा : मोदी

## 'आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है'

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**मधुबनी (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देने का संकल्प जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

उन्होंने अपने भाषण में कुछ बातें अंग्रेजी में भी कहीं, जिसमें उन्होंने कहा, मित्रो, आज मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को बता देना चाहता हूं कि भारत एक एक आतंकवादी और उनके आकाओं की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा। हम धरती के आखिरी छोर तक उनका (पहलगाम के हमलावरों का) पीछा करेंगे। आतंकवाद कभी भारत का मनोबल नहीं तोड़ पाएगा। मंगलवार को पहलगाम के बैरसन में आतंकी हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला सार्वजनिक बयान है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे दिए एक संदेश में कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिलकर रहेगी। मोदी ने कहा, अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, करोड़ों देशवासी दुखी हैं। उन्होंने कहा, सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन पीड़ितों का इलाज चल रहा है, उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए सरकार हर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, न्याय के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इसके लिए दृढ़संकल्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों का दृढ़संकल्प आतंकवाद की कमर तोड़कर रहेगा। मोदी ने कहा मानवता में विश्वास रखने वाले सभी लोग हमारे साथ हैं, मैं हमारे साथ इस मौके पर खड़े सभी लोगों और विभिन्न देशों के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं।

इससे पहले राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके साथ मंच पर उपस्थित नेताओं और वहां उपस्थित विशाल जनसमूह ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कुछ पल का मौन रखा। मोदी ने कार्यक्रम में अपना भाषण शुरू करने से पहले जनसभा में उपस्थित लोगों से अपील की कि पहलगाम में जान गंवाने वाले परिवार जनों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ पल का मौन रखें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस हमले में लोगों ने अपने बेटों, भाइयों और पतियों को खो दिया। उन्होंने कहा कि मारे गए लोग भारत के विभिन्न हिस्सों से थे, चाहे बंगाल हो, कर्नाटक हो, महाराष्ट्र हो, गुजरात हो, ओडिशा हो या बिहार हो। उन्होंने कहा, करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख और गुस्सा समान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से विकास के लिए शांति और सुरक्षा सबसे जरूरी शर्तें हैं। बिहार के मुख्यमंत्री



- मोदी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुये कहा आतंकियों को धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे
- प्रधानमंत्री मोदी ने मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर करीब 13,480 करोड़ रुपए की योजनाओं की दी सौगात

नीतीश कुमार ने कार्यक्रम में पहलगाम हमले की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि पूरे देश को मोदी की ताकत पर भरोसा है और हमें विश्वास है कि वह उचित समय पर दहशतगर्दों को मुहंतोड़ जवाब देंगे। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर बुधवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए उसके साथ राजनयिक संबंधों में व्यापक कटौती करने, 1960 की सिंधु जल संधि स्थगित करने और अटारी चौकी को बंद किए जाने समेत कई फैसले किए। पहलगाम में नृशंस हमले में 26 लोगों की मौत के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई, जिसमें इस कायरतापूर्ण हमले के प्रति भारत के जवाबी कदमों को अंतिम रूप दिया गया तथा सुरक्षा बलों को ''उच्च सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के एकदिवसीय दौरे के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां उन्होंने झंझारपुर प्रखंड के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रिमोट के जरिए 13,480 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए उन्होंने बिहार में 1,170 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ रुपए से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। देशभर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री मोदी ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा (शेष पृष्ठ 7 पर)

## वापस लौटे 104 पाकिस्तानी 29 भारतीय भी वापस आये

**अमृतसर, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर वापस जाने के आदेश दिए थे। वीरवार सुबह करीब आठ बजे से ही अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिक पहुंचने शुरू हो गए। उन सभी नागरिकों के दस्तावेज चेक करने के बाद बीएसएफ अधिकारियों ने उन्हें बॉर्डर क्रॉस करवा दिया गया। शाम करीब पांच बजे तक 104 पाकिस्तानी नागरिक अपने देश लौट गए। इसी तरह 29 भारतीय पाकिस्तान से भारत लौटे। रोजाना की तरह वाघा बॉर्डर पर बीएसएफ ने रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन किया, लेकिन इस दौरान गेट बंद रखे गए। दोपहर तक सेरेमनी में पहुंचने वाले पर्यटकों को वापस भेजा जा रहा था लेकिन बाद में आदेश जारी कर बॉर्डर तक पहुंचे पर्यटकों को सेरेमनी की परमिशन दे दी गई। आम तौर पर रोजाना 25 हजार से ज्यादा पर्यटक सेरेमनी देखने आते हैं, लेकिन वीरवार को यह संख्या केवल तीन से चार हजार थी।अटारी बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तानी लौटे महमूद अहमद ने कहा कि कुछ दिन पहले वह भारत अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए आए थे। वह चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच शांति बनी रहे और दोनों तरफ के लोग आपस में मिलते रहें।

## अमित शाह और डॉ. एस जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से की मुलाकात



चर्चित राजनीति। एजेंसी

- सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर की मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आज केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे, वहीं कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करें।

इस बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं। इसमें पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। वहीं अटारी बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है। जबकि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ पाकिस्तान के राजनायिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है।

इसके साथ ही सेना को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने बैयसरन के घास के मैदान मे छुट्टियां मना रहे लोगों पर अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों और मृतकों के परिजनों ने बताया कि आतंकियों ने सभी से उनके नाम पूछे उसके बाद लोगों को कलमा पढ़ने को कहा।

## दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू व कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए भीषण आतंकवादी हमले के विरोध में गुरुवार को 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए सैकड़ों लोग यहां चाणक्यपुरी स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता साबित हुई है। गौरतलब है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों ने दो दिन पहले पहलगाम के खूबसूरत बैसरन मैदान में 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आतंकवाद विरोधी कार्रवाई मंच की ओर से आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई स्थानीय नेता शामिल हुए। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी विरोध प्रदर्शन में शामिल थे। इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए और 'पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है' लिखी तख्तियां थामे प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध तोड़ने और पाकिस्तान को 'आतंकवाद प्रायोजित देश' घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया। हाथों में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज थामे प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान पर भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रायोजित करने का आरोप भी लगाया।

## नवाचार, टिकाऊ विकास और समावेशिता का केंद्र बनेगा भारत

चर्चित राजनीति। एजेंसी

- भारत का विजन 2047 : हर नागरिक को उच्च जीवन स्तर मिल सके और देश की तरक्की जनकेन्द्रित और पर्यावरण हितैषी हो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत की विजन 2047 योजना का उद्देश्य देश को नवाचार टिकाऊ विकास और समावेशिता का एक मजबूत केंद्र बनाना है, जहां हर नागरिक को उच्च जीवन स्तर मिल सके और देश की तरक्की जन-केन्द्रित और पर्यावरण हितैषी हो। प्रधानमंत्री का यह संदेश राजधानी दिल्ली में एक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पढ़ा गया। यह सम्मेलन स्वदेशी शोध संस्थान की तरफ से आयोजित किया गया है, जो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच (एजेएम) की एक इकाई है। इसमें देश-विदेश की कई शैक्षणिक संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। सम्मेलन का उद्देश्य भारत के विकास के लिए भारतीय मॉडल पर आधारित भविष्य की रणनीति और दिशा तय करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने विजन 2047 : समृद्ध और महान भारत विषय पर आयोजित इस सम्मेलन को एक विचारशील पहल बताया और इसके लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे भारत 2047 में स्वतंत्रता के 100 साल पूरे करने की ओर बढ़ रहा है, हमारा लक्ष्य है कि देश समृद्ध, आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक रूप से सम्मानित हो। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि विजन 2047 सिर्फ एक आर्थिक योजना नहीं है, बल्कि यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने और आधुनिकता तथा नवाचार को अपनाने का एक समर्पण है।

उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल देश को मजबूत और विकसित बनाने का प्रयास है, बल्कि यह एक निरंतर यात्रा है जिसमें भारत के युवाओं की प्रेरणा और संस्थाओं की मजबूती का बड़ा योगदान होगाप्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा, प्रेरित युवाओं और सशक्त संस्थानों के साथ मिलकर भारत एक ऐतिहासिक परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है। विजन 2047 की खास बातें-भारत को नवाचार और तकनीक का वैश्विक केंद्र बनाना। पर्यावरण का ध्यान (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश मंत्रालय पहुंचे 20 देशों के राजदूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी देने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, इटली, कतर, जापान, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस के शीर्ष राजनयिकों को बुलाया। विदेश सचिव ने 30 मिनट तक चली बैठक के दौरान इन राजनयिकों को जानकारी दी। इससे पहले दिन में इस्लामाबाद ने जवाबी कार्रवाई के तहत वाघा सीमा को बंद करना, भारतीय नागरिकों के लिए सभी सार्क वीजा को निलंबित करना और भारतीय एयरलाइनों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करना शामिल है। हाल ही में पहलगाम हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में, भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल 2025 से रद्द कर दिए गए हैं।

### प्राथमिकी, छानबीन के बाद सीबीआई जांच के निर्देश को आरोपी चुनौती नहीं दे सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने और उसके बाद की छानबीन के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के निर्देश को संभावित संदिग्धों या आरोपियों द्वारा चुनौती नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने एक फैसले में महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं, जिसमें उसने कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने सीबीआई को 2019 में बेंगलुरु के रियल एस्टेट कारोबारी के. रघुनाथ की हत्या की गहन जांच करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने (शेष पृष्ठ 7 पर)

## 'धर्म पूछकर की गई हत्या हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे'



चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के चलते पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच गुरुवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने इस हमले पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें मारा, जो बहुत ही दर्दनाक और अमानवीय है। बता दें कि बीते मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आगे कहा कि हिंदू कभी किसी से उसका धर्म पूछकर उसे नहीं मारते। यह लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच की है।

उन्होंने कहा कि रावण को भी पहले सुधरने का मौका दिया गया था, लेकिन जब उसने बदलाव से इनकार कर दिया, तब राम ने उसका अंत किया। इसके साथ ही भागवत ने आगे कहा कि हमारे (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पहलगाम आतंकी हमला : सर्वदलीय बैठक में सरकार को विपक्ष ने दिया समर्थन

# रिजिजू बोले-आतंक के खिलाफ देश एकजुट

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन में खत्म हो गई है।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ-साथ तमाम दलों के नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री



किरेन रिजिजू ने कहा, रक्षा मंत्री ने सीसीएस की बैठक में पहलगाम में हुई घटना और भारत सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। यह घटना बहुत दुखद है। जिससे देश में हर कोई चिंतित है, इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने भी आज और कड़ी कार्रवाई करने की मंशा जाहिर की है। इस दौरान किरेन रिजिजू ने कहा, सभी ने इस बात पर सहमति जताई है कि भारत को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए। भारत ने पहले भी आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और आगे भी करता रहेगा। सरकार की तरफ से सर्वदलीय बैठक में इस पर चर्चा की गई है। आईबी, गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने घटना के बारे में जानकारी दी कि घटना कैसे हुई और कहां चूक हुई। सभी दलों ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में वे सरकार के साथ हैं।

सभी राजनीतिक दलों ने यह संदेश दिया है और सभी दलों के नेताओं ने एक स्वर में कहा है कि सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसका समर्थन करेंगे, बैठक सकारात्मक मुद्दे पर समाप्त हुई। वहीं इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा- सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। बैठक में शामिल होने के बाद बाहर आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। सभी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। वहीं आप सांसद संजय सिंह ने कहा, पूरा देश गुस्से में है, दुखी है और देश चाहता है कि केंद्र सरकार आतंकियों को उनकी भाषा में मुंहतोड़ जवाब दे। जिस तरह से उन्होंने निर्दोष लोगों की हत्या की है, उनके कैंपों को नष्ट किया जाना चाहिए और पाकिस्तान के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए, यह घटना 22 अप्रैल को हुई और 20 अप्रैल को सुरक्षा एजेंसियों की जानकारी के (शेष पृष्ठ 7 पर)

# विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में दो प्रतिशत की मिलेगी कमी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने जारी किया आदेश

**लखनऊ।** मल्टी ईयर टैरिफरेगुलेशन 2025 तृतीय संशोधन के आधार पर फरवरी महीने के मद में प्रदेश के सभी लगभग तीन करोड़ 45 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी फ्यूल एंड पावर परचेस्ड एडजस्टमेंट सरचार्ज( ईंधन अधिभार शुल्क) मई 2025 के महीने में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को कुल जमा बिजली बिल पर 2 प्रतिशत की कमी का लाभ मिलेगा। यानि कि प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं की मई के महीने में 2 प्रशित बिजली दरों में कमी देखने को मिलेगी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने अपना आदेश जारी कर दिया है।

आदेश पर गौर करें तो फरवरी महीने में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का ईंधन अधिकार शुल्क के रूप में लगभग 170 करोड़ का लाभ होगा। जिसकी आदाएगी पावर कॉरपोरेशन मई 2025 के महीने में उपभोक्ताओं को करेगा। यानी मई 2025 में पहली बार काफी लंबे समय के बाद प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी देखने को मिलेगी। यह बात अलग है कि आगे के महीना में पावर कॉरपोरेशन फिर असंवैधानिक तरीके से बढ़ोतरी का रास्ता देखेगी। जैसे वर्तमान में अप्रैल महीने में 1.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी गुपचुप तरीके से कर दी थी। लेकिन विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पहले ही पेश बंदी करते हुए उस पर रोक लगाने के लिए विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव दाखिल किया है और विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर निकल रहे सर प्लस 33122 करोड़ के एवज में बढ़ोतरी पर पूर्णतया रोक लगने की मांग उठाते हुए घटोतरी लागू करने पर जोर दिया है।

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पावर कारपोरेशन ने मई के महीने में 2 प्रतिशत बिजली दरो में कमी लागू करने के लिए बिलिंग सॉफ्टवेयर बिग को आदेश निर्गत कर दिया है। निर्देशक आईटी को पूरा मसौदा भेजा है। उपभोक्ता परिषद की इस पर नजर रहेगी कि आगे वाले आने वाले महीनो में पावर कॉरपोरेशन आंकड़ों का कैलकुलेशन सही करेगा या नहीं, उपभोक्ता परिषद ने इस 2प्रतिशत की कमी के आंकड़े का खुलासा विद्युत नियामक आयोग के सामने तीन दिन पहले ही कर दिया था। उपभोक्ता परिषद हर महीने बहुत ही बारीकी से मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन के तहत ईंधन अधिभार शुल्क की गणना स्वतरू करेगा। जिससे पावर कॉरपोरेशन किसी भी स्तर पर चालबाजी ना कर पाए। वर्तमान में जिस प्रकार से पावर कॉरपोरेशन गुपचुप कार्रवाई करता है उसको देखते हुए उपभोक्ता परिषद मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन के तहत ईंधन अधिवर शुल्क की गणना सही हो के लिए अपनी एक नई रणनीति बनाई है। क्योंकि आने वाले समय में पेट्रोल डीजल की तरह हर महीने दरों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा पावर कॉरपोरेशन की जो चल रहती है वह कहीं ना कहीं उसमें उपभोक्ताओं के साथ छल कर सकता है। वर्तमान में भी रुपया 170 करोड़ के हिसाब से मई महीने में 2 प्रतिशत से ज्यादा कमी होनी चाहिए लेकिन पावर कारपोरेशन का मानना है कि एनर्जी बढ़ गई है। उपभोक्ता परिषद उस पर भी पूरी छानबीन करेगा जिससे कहीं भी उपभोक्ताओं का कोई नुकसान ना हो।

**सोलर पेनल मामले में आयोग ने 15 दिन में मांगा जबाब :** उत्तर प्रदेश में हजारों घरों में सोलर पैनल लगाने वाले विद्युत उपभोक्ताओं के बिलों में समायोजन संबंधी अनियमिता का खुलासा होने के बाद उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने 2 दिन पहले विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मिलकर एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करने की मांग उठाई थी। उन्होने पावर कारपोरेशन को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। आजउत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पूरे मामले का परीक्षण करने के उपरांत पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक व अध्यक्ष को 15 दिन में जवाब तलब देने के निर्देश दिए है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निर्देश पर नियामक आयोग के सचिव की तरफ से पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक व अध्यक्ष पावर कारपोरेशन को या निर्देश जारी किया गया है कि रूफ्टॉप सोलर मीटरिंग रेगुलेशन 2019 के तहत सभी ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं को वित्तीय वर्ष के पूरा होने पर अगले वित्तीय वर्ष के पहले महीने में बिजली बिलों में समायोजन किया जाना होता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया जो गंभीर मामला है। विद्युत नियामक आयोग ने इस पर गंभीर रूप अख्तियार किया है कहां अभी तक समायोजन क्यों नहीं किया गया। 15 दिन में पूरे प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के मामले में विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाए। विद्युत नियामक आयोग ने इसे बहुत ही गंभीरता से लिया है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विद्युत नियामक आयोग से गंभीरता से लिया है। सभी बिजली कंपनियों के सभी रूप टॉप सोलर पैनल विद्युत उपभोक्ताओं की पूरी जानकारी तलब की है। विद्युत नियामक आयोग ने अपने आदेश में यह भी इंगित किया है कि यह मामला बहुत ही अनिवार्य है। इसको देखते हुए अब जो रूफ्टी सोलर पैनल के विद्युत उपभोक्ताओं के मामले में लगातार या शिकायतें मिल रही थी कि उनकी यूनिट गायब हो गई है। उसे पर सभी विद्युत उपभोक्ताओं के साथ बिजली कंपनियों को न्याय करना पडेगा।

किसी भी रूप टॉप सोलर पैनल वाले विद्युत उपभोक्ता के साथ अन्याय नहीं होगा। उपभोक्ता परिषद पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं उपभोक्ताओं को न्याय मिलने तक उपभोक्ता परिषद संघर्ष जारी रखेगा।

# श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सुखदेव जन्म की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● प्रसिद्ध कथा व्यास पं.कृष्ण कुमार द्विवेदी जी महराज ने कराया कथा का रसपान

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 6 पूरे पाण्डेय स्थित अवधेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पीठाधीश्वर कष्ट हरी धाम खैरा वीरू से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्ण कुमार द्विवेदी जी महाराज ने कथा के तीसरे दिन अपनी अमृतमई वाणी से श्रीमद्भागवत का बखान करते हुए बताया कि परीक्षित जी महराज राजा हुए तो एक बार वे आखेट के लिए जब जंगल पहुंचे तो उन्हे एक गाय टकराते हुए मिली यहां गाय का पर्याय पृथ्वी से है, पीछे से तीन पैर जिसके टूटे हुए हैं बैल अर्थात धर्म एक पैर पर चलकर लंगड़ाते हुए आता दिखाई पड़ा। उन्होंने बताया कि धर्म की तीन टांगों को कलयुग ने आते ही तोड़ दिया। परीक्षित जी से गौमाता ने कहा मेरे पीछे जो बैल आ रहा है वह कोई साधारण बैल नही है वो मूर्तिमान बैल धर्म है कलयुग ने आते ही जिसकी तीन टांगों को तोड़ दिया।

कथा व्यास ने कहाकि कलयुग ने आते ही जिस धर्म की तीन टांगों को तोड़ दिया वह धर्म आज भी एक टांग पर खड़ा हुआ है क्योंकि यह पृथ्वी परीक्षित जैसे श्रोताओं तथा श्रीमद्भागवत कथा के आयोजकों एवं श्रवण मनन करने वालों से भरी पड़ी है। जिन्होंने आज धर्म को बचा रहा रखा है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म दुनिया का सबसे पुराना धर्म है जो आज भी सभ्यता और संस्कृति को बचाए हुए हैं। सनातन धर्म हमें भक्ति, ज्ञान,वैराग्य तथा बड़ों का आदर सम्मान करने की शिक्षा देता है। जिसके पश्चात उन्होंने अमर कथा और सुखदेव जन्म की कथा का बड़ा ही सुन्दर वर्णन करते हुए बताया कि एक बार नारद जी के कहने पर माता पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भगवान भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी आपके हैं। हर जन्म में पार्वती जी तुम विभिन्न रूपों में मेरी पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती थी तुम्हारे मुंड को अपने गले में धारण कर लेता था पार्वती जी ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं ? शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है मैं अजर अमर हूँ। पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए प्रभु, शंकर जी पार्वती जी को अमर गुफा में अमर कथा सुनाने लगे। जहाँ शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े।

सुखदेव जी भागते-भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्भ से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ। कथा व्यास जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर कथा की मुख्य यजमान मिथिलेश मिश्रा पत्नी स्वर्गीय रविंद्र प्रकाश मिश्रा , अंकुर मिश्रा, आंचल मिश्रा, धर्म प्रकाश मिश्रा, राजेंद्र प्रकाश, राकेश प्रकाश, अजय मिश्रा, अशोक कुमार, नंदकिशोर तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ला, राकेश शुक्ला ,राजकुमार शुक्ला, अरुण अवस्थी, हरिओम मिश्रा, चिंटू ,योगेश, अनुज, प्रांजुल, प्रशांत,प्रियांशु,अमन, पंडित पुष्कर त्रिवेदी, अंकित शुक्ला, अनुराग शुक्ला, आशीष मिश्रा,अशोक यादव, काशीदीन यादव सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एलयू रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शोध दृश्यता का हुआ आयोजन

**लखनऊ, चसं।** एलयू रसायन विज्ञान विभाग ने थाइम के सहयोग से को प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में सफलता के लिए रणनीति विषय पर शोध दृश्यता और प्रभाव बढ़ाने वाली कार्यशाला का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और दर्शकों को ऐसी कार्यशालाओं के महत्व से अवगत कराया। डॉ. नीरज कुमार मिश्रा ने दर्शकों को वक्ता का परिचय कराया। कार्यशाला का संचालन थाइम समूह में रसायन विज्ञान पत्रिका के अधिग्रहण संपादक डॉ. रोहित भाटिया ने किया। डॉ. भाटिया ने अपने व्याख्यान में तेजी से प्रतिस्पर्धी वैश्विक परिदृश्य में शोध आउटपुट की दृश्यता, पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक और प्रभावी रणनीतियों की खोज पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने चर्चा की कि शोधकर्ता कैसे विचारशील शीर्षक चयन, रणनीतिक कीवर्ड उपयोग और सार के प्रभावी उपयोग के माध्यम से अपने काम की खोज को अनुकूलित कर सकते हैं। सत्र में सही पत्रिकाओं में प्रकाशन, ओपन एक्सेस विकल्पों से जुड़ने और प्रीप्रिंट सर्वर का लाभ उठाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। पारंपरिक प्रकाशन से परे, हम डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती भूमिका को कवर करेंगे जैसे कि लिंक्डइन, ट्विटर, रिसर्चगेट और संस्थागत रिपॉजिटरी-शोध की पहुंच को व्यापक बनाने और एक पेशेवर नेटवर्क बनाने में। इस सत्र का उद्देश्य शुरुआती करियर के शोधकर्ताओं, संकाय और विद्वानों को अपनी शोध प्रोफ़ाइल बढ़ाने, सहयोग के अवसरों को आकर्षित करने और अंततः अपने क्षेत्र और समाज में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान करने के लिए रणनीतियों के टूलकिट से लैस करना था। चाहे आप अभी शुरुआत कर रहे हों या अपने शोध प्रभाव को अगले स्तर तक ले जाना चाहते हों, यह वार्ता आधुनिक शोध पारिस्थितिकी तंत्र में सफल होने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और कार्रवाई योग्य कदम प्रदान करेगी। डॉ. भाटिया ने छात्रों और शोधकर्ताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया कि कैसे डेटाबेस का उपयोग प्रभावी ढंग से करके अपनी शोध प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जाए।

## अपना दल एस जोन अध्यक्ष कमल सिंह पटेल की अध्यक्षता में करहिया बाजार में बैठक



**रायबरेली, चसं।** अपना दल एस जोन अध्यक्ष कमल सिंह पटेल की अध्यक्षता में कमालगंज चौराहा एवं टोल प्लाजा करहिया बाजार में बैठक संपन्न हुई। रायबरेली के सलोन विधानसभा क्षेत्र के क्रिया बाजार पहुंचे अपना दल एस के जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल का जोरदार स्वागत हुआ उन्होंने क्षेत्र की जनता और सलोन की जनता को धन्यवाद दिया और कहा संगठन को मजबूती के लिए आगे भी आते रहेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे पार्टी के कार्यकर्ता अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए इस मौके पर जिला सचिव दिलीप पटेल ने सलोन की समस्याओं के जिला अध्यक्ष को अवगत कराया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच रामजी पटेल ने कहा हम लोग आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना दल एस पार्टी को मजबूत कर पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंच कर अपना दल एस को आगे बढ़ाएंगे। इस मौके पर जिले के संरक्षक एल सी कनौजिया , हरीश पटेल, संजय मिश्रा, राजकुमार गौतम, लव कुश वर्मा, गिरजेश, मोनू पटेल , द्वारिका पटेल, सुनील पांडे,बिंदेश्वर, आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में रिक्त पदों को भरने से इंकार आरटीई एक्ट 2009 का सीधा उल्लंघन

**लखनऊ, चसं।** 2018 के बाद प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया ठप्प है। प्रदेश में चलाए जा रहे रोजगार अधिकार अभियान में प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में रोजगार अधिकार अभियान की ओर से सीएम योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा गया है कि शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों को सहायक अध्यापक के बतौर मान्यता नहीं है, इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने आदेश में स्पष्ट किया है। बावजूद इसके छात्र शिक्षक अनुपात में इन पदों को शामिल कर परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने से इंकार किया जा रहा है। यह आरटीई एक्ट 2009 का सीधा उल्लंघन है। पत्र में यह भी अवगत कराया गया है कि 2 अगस्त 2023 को संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में सत्र 2021-22 में सृजित पदों की संख्या 719399 से घटकर 2022-23 में 579622 हो गई। बिना किसी भर्ती के इसी अवधि में रिक्त पदों की संख्या 265805 से घटकर 126028 रह गई। प्रेस बयान में रोजगार अधिकार अभियान के कोआर्डिनेटर राजेश सचान ने कहा कि बड़ी संख्या में खत्म किए गए पदों व स्कूलों को बंद करने के बाद भी 1.26 लाख से ज्यादा शिक्षकों के पद रिक्त हैं।

## गरीब के आशियाने में लगी भीषण आग पूरी गृहस्थी जलकर खाक



**शिवगढ़, रायबरेली, चसं।** थाना क्षेत्र के गुड़िया गढ़ी मजरे खजुरों में गरीब के आशियाने में भीषण आग लगने से अनाज, गृहस्थी सहित 50 से अधिक का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने हुए नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। गुरुवार की दोपहर थाना क्षेत्र के गुड़िया गढ़ी मजरे खजुरों में उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब रामलखन पुत्र कल्लू पासी के आवासीय छप्पर तथा पास में रखे पुआल के आवासीय बंगले में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। रामलखन के दिव्यांग बेटे अक्षय कुमार की चीख पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते अग्नि ने अपना प्रचंड रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों की घण्टों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका किंतु जब तक आग पर काबू पाया जाता छप्पर और बंगले के नीचे रखे 8 बोरी गेहूं, 4 बोरी सरसों, 1 बोरी चावल, कूलर पंखा, फ्रिज, तखत ,साइकिल, कपड़े, बर्तन आदि गृहस्थी जलकर खाक हो गई। दिव्यांग अक्षय कुमार ने बताया कि जिस समय छप्पर और बंगले में आग लगी उसके घर के सभी लोग खेत में थे वह अकेला घर में था आग कैसे लगी यह जानकारी नहीं है। सूचना पर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल अभिषेक पटेल ने हुए नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। अभिषेक पटेल ने बताया कि छप्पर और पुआल का बंगला दोनों आवासीय थे जिनके नीचे रखी पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई है।

## पहलगाम आतंकी हमले के चलते पर्यटन विभाग का लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित



**शिवगढ़, रायबरेली, चसं।** गुरुवार को शिवगढ़ नगर पंचायत स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित होने वाला सौंदरीकरण एवं पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम जम्मू कश्मीर कू पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के चलते स्थगित कर दिया गया। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को 81.72 लाख की लागत पर्यटन विभाग द्वारा कराये गये सौन्दर्यीकरण एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण करना था। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई थी श्रीराम जानकी परिसर में पण्डाल लगने के साथ ही भवानीगढ़, गूढ़ा रानीखेड़ा आदि जगहों पर पर्यटन मंत्री के भव्य स्वागत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी सिर्फ पर्यटन मंत्री के आने की देरी थी। पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के स्थगित होने की जानकारी देते हुए बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में बेगुनाहों की हत्या से पूरा देश आहत है। जिसको लेकर राजकीय शोक मनाये जाने के कारण पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लोकार्पण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है।

## खड़ी कार में युवक का शव मिला

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में विभूतिखंड स्थित कठौता झील के पास एक कार में शव मिला। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कार चार दिन से सड़क किनारे खड़ी थी। उसके संदिग्ध होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार का दरवाजा खोला तो एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान अमेठी के अरुण दुबे के रूप में हुई। विभूति खंड पुलिस के मुताबिक, शव विक्रांत खंड स्थित विजईपुर चौराहा के पास मिला है। एसएचओ विभूतिखंड ने बताया- मृतक अरुण कुमार दुबे निवासी अमेठी, गाड़ी चलाने का काम करता था। स्विफ्ट डिजायर जो मृतक के नाम पर रजिस्टर्ड थी। इसी में इनका शव मिला है। फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर सैंपल इकट्ठा किया।

# निजीकरण के नाम पर हो रहे बड़े घोटाले को रोकने की मांग

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● आतंकी घटना के बाद अगले निर्देश तक विरोध सभा स्थगित

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ज्ञापन दो अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत आज राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में अनेक विधायकों को और जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए।

ज्ञापन के माध्यम से बिजली निजीकरण के नाम पर हो रहे बड़े घोटाले को रोकने की मांग की गई है। पहलगाम आतंकी घटना के बाद संघर्ष समिति ने इस मुद्दे पर कठोर कार्यवाही की मांग की है और सरकार के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए फिलहाल निजीकरण के विरोध में विरोध सभाओं को अगले निर्देश तक स्थगित कर दिया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दृष्टिगत बिजली के निजीकरण के विरोध में हो रही विरोध सभाओं को अगले निर्देश तक स्थगित कर दिया गया है। इस इस मामले में बिजली कर्मी आतंकियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं और केंद्र व राज्य सरकार के साथ अपनी पूरी एकजुटता का प्रदर्शन करते हैं।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज राजधानी लखनऊ में विधायक नीरज बोरा को ज्ञापन दिया। प्रयागराज में पूर्व मंत्री और विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह को, मऊ में पूर्व मंत्री और विधायक राजेंद्र कुमार को, घोषी के विधायक सुधाकर सिंह तथा मड़िहान में पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल को ज्ञापन दिया गया। मिर्जापुर में विधायक रत्नाकर मिश्र को और मझवा में विधायक सूचिस्मिता मौर्य को ज्ञापन दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में अनेक पार्षदों, ग्राम पंचायत अध्यक्षों और ग्राम प्रधानों को भी ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष समिति ने एक बार पुनः मांग की है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों के बिजली के निजीकरण के नाम पर हो रहे घोटाले को तत्काल रोका जाए। संघर्ष समिति ने अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मे ग्रांट थॉर्टन की नियुक्ति रद्द करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि इस कंपनी से निजीकरण के दस्तावेज तैयार कराकर आगे बढ़ने की कोशिश की तीखी प्रतिक्रिया होगी।संघर्ष समिति के ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि बिजली का निजीकरण न रोका गया तो किसानों और आम घरेलू उपभोक्ताओं को सबसे बड़ी चोट पड़ने वाली है। आगरा और ग्रेटर नोएडा का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार 01 अप्रैल 2023 से किसानों को मुफ्त बिजली दे रही है किंतु ग्रेटर नोएडा में कार्यरत निजी कंपनी और आगरा शहर में कार्यरत निजी कंपनी किसानों को मुक्त बिजली की सुविधा नहीं दे रही है।इसी प्रकार मुंबई में निजी कंपनी आम घरेलू उपभोक्ताओं को 17 से 18 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली देती है, कोलकाता में निजी कंपनी 10 से 12 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली देती है और दिल्ली में निजी कंपनी 8 से 10 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली देती है जबकि उत्तर प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम दरें 06.50 रुपए प्रति यूनिट है। निजीकरण के बाद आम उपभोक्ताओं की बिजली की दरों में लगभग तीन गुना इजाफा होना तय है।निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान कार्यक्रम कल भी पूर्ववत जारी रहेगा।

**निजीकरण मामले में कंसलटेंट कंपनी पर लटकी कार्यवाही की तलवार :** 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाली कंसल्टेंट कंपनी ग्रांट थ्रोनटन की मुश्किलें अब लगातार बढ़ती जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पावर कारपोरेशन ने जहां पूरे मामले पर विधिक राय मांगी है। टेंडर मूल्यांकन कमेटी की बैठक बुलाने का निर्णय भी लिया है। उपभोक्ता परिषद जहां लगातार पावर कारपोरेशन के ऊपर दबाव बनाए हुए हैं कि झूठा शपथ पत्र देने वाली कंसलटेंट कंपनी के काम पर तत्काल रोक लगाई जाए और उसे ब्लैक लिस्ट किया जाए। वर्तमान में दोषी कंसलटेंट कंपनी से रिपोर्ट तैयार कराया जाना अपने आप में गंभीर भ्रष्टाचार का मामला है।

## संक्षिप्त समाचार

### नो डिटेंशन पॉलिसी को लेकर पीएम श्री केवी शिवगढ़ में शिक्षक-अभिभावक बैठक सम्पन्न



**शिवगढ़, रायबरेली, चसं।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में नई शिक्षा नीति के तहत किए गए बदलाव तथा कक्षा 5 और 8 में सरकार द्वारा नो डिटेंशन पॉलिसी समाप्त करने के सम्बन्ध में विद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित की गई। विद्यालय के सीसीए हाल में आयोजित इस बैठक में विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि कक्षा 5 और 8 में नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर दिया गया है, अब कक्षा 5 और 8 में फेल होने वाले बच्चों को अगली कक्षाओं में प्रमोशन नहीं मिलेगा और फिर से उन्हें उसी कक्षा में पढ़ना पड़ेगा। जिसके सन्दर्भ में अभिभावकों से विस्तृत रूप से चर्चा की अभिभावकों ने नई शिक्षा नीति के तहत नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त किए जाने के महत्व को समझा किया और उसकी सराहना की। प्राचार्य ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहाकि इस बारे में अपने बच्चों अवश्य जागरूक करें, बच्चे विद्यालय के साथ ही घर में भी मन लगाकर पढ़ाई करें ताकि फेल होने की स्थिति न आए , फेल होने पर 1 वर्ष बर्बाद होगा इसके साथ ही शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव प?गा। कार्यक्रम संचालन शिक्षक महेश कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। इस मौके पर आशू मेहरोत्रा, पुष्पा तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से खेतों खलिहानों में लगी भीषण आग, हुआ भारी नुकसान



**शिवगढ़,रायबरेली, चसं।** थाना क्षेत्र के हिंदूगंज मजरे बदावर तथा जगदीशपुर के मध्य खेतों, खलिहानों में अज्ञात कारणों से भीषण आग लगने से आस-पास के गांवों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों तथा फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 4 घण्टे बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों तथा फायर ब्रिगेड द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता - तक करीब 50 कुंतल भूसा, पुआल की 12 खरही तथा खेतों में पड़ी करीब चार बीघे गेहूं की पराली जलकर खाक हो गई। घटना शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे की है क्षेत्र के हिंदूगंज के पास तेज हवा के बीच खेतों-खलिहानों में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, किसानों की चीख पुकार सुनकर जब तक आस-पास के गांवो के ग्रामीण मौके पर पहुंचे अग्नि और प्रचंड हो गई। देखते ही देखते भीषण आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। प्रचंड अग्नि की चपेट में आकर करीब 50 कुंतल भूसा तथा पुआल की 12 खरही और चार बीघे गेहूं की पराली को अपनी चपेट में लिया। ग्रामीणों तथा फायर ब्रिगेड द्वारा करीब 4÷30 बजे किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग की इस घटना में छंगालाल का करीब 25 कुंतल भूसा, रतिपाल का करीब 10 कुन्तल भूसा आदि दर्जनों किसानों का भूसा और पुआल जलने से भारी नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी विन्ध्य ने बताया कि आग कैसे लगी इसका अभी तक पता नहीं लग पाया है, हादसे के बाद मौके पर राजस्व विभाग की टीम आई थी। अभी तक किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### डंपरों की वजह से हरचंदपुर में रोज लगता है जाम



**रायबरेली, चसं।** हरचंदपुर में जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। महराजगंज से गुरबक्शगंज जाने वाले मार्ग पर रोजाना सैकड़ों डंपर दौड़ रहे हैं। इनकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। आज फिर हरचंदपुर से महराजगंज जाने वाले मार्ग पर भीषण जाम लग गया। इस जाम में दो एंबुलेंस भी फंस गई। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया, जिसके बाद यातायात शुरू हो सका। एआरटीओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बछरावां में ओवरब्रिज के कुछ हिस्से में दरार आ गई है। इस कारण पुल को बंद कर दिया गया है। इसी वजह से डंपर इस मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

### रायबरेली के स्कूली बच्चों ने कैंडल मार्च निकाला, शहीदों को किया याद



**रायबरेली, चसं।** जिले के हरचंदपुर स्थित सकल नारायण मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने मोमबत्तियां जलाकर कैंडल मार्च निकाला और 2 मिनट का मौन रखा। विद्यालय के संस्थापक संजय कुमार सिंह ने इस घटना को कायरतापूर्ण करार दिया। उन्होंने भारत सरकार के पाकिस्तान पर किए गए पांच कड़े प्रहारों की सराहना की। इनमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना प्रमुख कदम है। सरकार ने तीनों सेनाओं को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। प्रधानाचार्य विपिन त्रिवेदी और अनिल सिंह ने इस आतंकी घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने सरकार से इस घटना का मुंह तोड़ जवाब देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक प्रबोध कुमार बाजपेई, राजीव सिंह, दुर्गा शंकर मिश्रा, अनीता सिंह, अमिता सिंह, प्रतिमा सिंह, अर्चना सिंह, सुरेश चंदेल, सूर्या सिंह, सुरेंद्र यादव, संजय द्विवेदी समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### मामूली बात पर युवक की जमकर की पिटाई

**हरचंदपुर/रायबरेली, चसं।** मामूली बात पर तिलक में शामिल होने गए एक युवक पर दबंगों ने हमला बोल दिया युवक ने मारपीट के साथ चाकू से वार करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। दरअसल पुरा मामला सोहलिया गांव का है जहां पर धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामबरन यादव ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि वह गांव में ही एक तिलक समारोह में गया हुआ था वहीं पर पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने पहले मारपीट की फिर वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया इसके बाद मैं घर जा रहा था तो रास्ते में तीन लोगों ने मेरा रास्ता रोका और दो लोगों ने पड़कर तीसरे ने मेरे ऊपर चाकू से वार कर दिया जो मेरी आंख के ऊपर लगा है मेरे शोर मचाने पर जब लोग दौड़े तो वह लोग मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मिली तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना अध्यक्ष आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# पहलगाम हमले से जनाक्रोश, फूंका पुतला

## शहीद हुए पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** सुरसा क्षेत्र के भाजपा नेता धनंजय मिश्रा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद का पुतला दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। साथ ही घटना में शहीद हुए पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भाजपा नेता धनंजय मिश्रा ने कहा कि पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हुए क्रूर और कायरता पूर्ण आतंकी हमले की हम घोर निंदा करते हैं। यह हमला न केवल मानवता के मूल्यों को चुनौती देता है, बल्कि भारत की शांति, एकता और धार्मिक सहिष्णुता पर सीधा प्रहार है। हर्षित द्विवेदी ज्ञानू प्रधानपति कमरौली ने कहा कि पाकिस्तान की इस घटना में संभावित संलिप्तता अत्यंत निंदनीय है। हम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील करते हैं कि पाकिस्तान को आतंकवाद के सुरक्षित ठिकाने के रूप में चिह्नित कर उस पर कड़ा वैश्विक दबाव बनाया जाए। ब्रजकिशोर यादव प्रधान दहिंगवां ने कहा कि इस हमले में शहीद हुए हिंदू परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं तथा घायल नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। श्याम जी मिश्रा मंण्डल अध्यक्ष सुरसा ने कहा कि यह समय है कि पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ सशक्त और निर्णायक स्वर में खड़ा हो। हम भारत सरकार से भी मांग करते हैं कि इस घिनौने अपराध के दोषियों को कुचल देना चाहिए ताकि आगे से कोई भी भारत या हिंदू परिवारों को निशाना न बन पाए। पुतला दहन करने वालों में विपिन यादव, बहाउद्दीन सिद्दीकी, मनोज शुक्ला, विनोद द्विवेदी, उदय प्रताप पाल, सन्दीप मिश्रा, अब्दुल सत्तार, रोहित त्रिवेदी, प्रमोद कुशवाहा, मुकेश अवस्थी, सुनीत प्रजापति, सुमित सिंह, प्रेमनरायण यादव, लालमोहम्मद, उपेन्द्र मिश्रा, बिनोद पाल, नरसिंह यादव, मंगतराम यादव, सहित सैकडों समर्थक मौजूद रहे।



## अलग अलग मारपीट के मामलों में आरोपियों पर रिपोर्ट

**हरदोई, चसं।** पिहानी थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना क्षेत्र के ग्राम बखरिया निवासी सबीला पुत्री शकील के अनुसार 22 अप्रैल की शाम को 7.30 बजे गांव के विपक्षी नूरे पुत्र बादशाह,वलीम पुत्र मगरे, उस्मान पुत्र सलीम और वकील पुत्र शाकिर ने उसके दरवाजे पर आकर पुरानी रंजिश में गाली गलौज किया मना करने पर लाठी डंडों से उसे मारने लगे शोर सुनकर उसके पिता,चाचा कमरुद्दीन, मां शकीला और ताई मस्कीन उसे बचाने आए तो विपक्षियों ने सबको मारपीट कर घायल कर दिया।थाना क्षेत्र के ग्राम चुन्नी पुरवा मजरा कुइंया निवासी रीना देवी पत्नी ब्रजेश के अनुसार 5 अप्रैल की शाम को गांव के भगवान दीन पुत्र खेमकरन ने अपने भाई पप्पू और मदन के साथ मिलकर पुरानी रंजिश उसे और उसकी बेटी रजनी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की और सुलह का दवाब बना रही है। एसपी नीरज कुमार जादौन के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# निकाली गई आतंकवाद की शव यात्रा, पाकिस्तान का पुतला फूंका






**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर हरदोई में वीरांगना सामाजिक एवं संस्कृतिक संस्थान और पूर्व सैनिकों एवं मानवाधिकार आयोग के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह के संयुक्त तत्वाधान में शहर की सड़कों पर आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान 'आतंकवाद की शव यात्रा' निकाली गई, जो पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इसके पश्चात ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पाकिस्तान का पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। जुलूस में शामिल लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारों से माहौल को गूंजा दिया।

वीरांगना सामाजिक एवं संस्कृतिक संस्थान की अध्यक्ष सुहाना जैन ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सिर्फ आतंकवाद ही नहीं, बल्कि उसके पीछे काम कर रही ताकतों को भी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। आतंकी हमले में निर्दोष बहनों के सुहाग उजाड़ दिए गए। उन्होंने सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। मानवाधिकार आयोग के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह ने भी प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की।

## भीषण आग से 10 घरों की गृहस्थी स्वाहा, दो मवेशी झुलसे



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरपालपुर/हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के प्रतिपालपुर गांव में लगी आग से 10 घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के प्रतिपालपुर गांव निवासी दिनेश के घर में दोपहर अज्ञात कारणो से आग लग गई। जिसमें घर की गृहस्थी पूरी तरीके से राख हो गई है।

पछुआ हवा के झोंकों के बीच आग की लपटे इतनी तेज थी कि उनके पड़ोस की रहने वाली राजेश्वरी, रामकिशन, घासीराम, रामसनेही, रामगोपाल, छोटी बिटिया, छोटे, छंगा,मनफूल के घरों को भी अपनी की चपेट में ले लिया। जिससे सभी के घरो में रखी गृहस्थी जलकर राख हो गई है। आगजनी में दिनेश की गाय व राजेश्वरी की भैंस की गंभीर रूप से झुलस गई घटना की सूचना पुलिस व राजस्व विभाग को दी गई है।सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। सूचना पाकर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से दो घंटे में आग पर काबू पाया।राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर आगजनी में हुए नुकसान का आकलन कर रही है।

# प्रधानमन्त्री के सम्बोधन के सजीव प्रसारण और गोष्ठी का आयोजन हुआ

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी से राष्ट्र की ग्राम पंचायतों को संबोधित किया। इसी क्रम में रसखान प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन के सजीव प्रसारण व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने दीप प्रज्ज्वलित कर, कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

गोष्ठी में प्रधानमंत्री के सम्बोधन उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी व क्षेत्रवासियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का शिकार हुए मृतकों को श्रद्धांजलि व शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि पंचायतें ही ग्रामीण भारत की रीढ हैं ये न केवल विकास की योजनाएँ बनाती हैं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर लागू भी करती हैं। महात्मा गांधी का सपना था कि भारत के गाँव आत्मनिर्भर बनें, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व मे पंचायतों को मजबूत बनाकर भाजपा सरकार इसी सपने को साकार करने की दिशा मे कदम बढ़ा रही है। आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ग्राम स्तर पर जागरूकता फैलाएँ, पंचायतों के कार्यो में सहयोग दें और भारत को एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर सांसद मिश्रिख अशोक रावत, विधायक बालामऊ रामपाल वर्मा एवं विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने गोष्ठी को सम्बोधित कर ग्राम पंचायतों मे भाजपा सरकार द्वारा कराये जा रहे जनहित विकास कार्यो एवं परियोजनाओं की चर्चा की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अनु मोर्चा पीके वर्मा, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रदीप कुमार गुप्ता सहित जिला पंचायत सदस्यगण, ग्राम प्रधानगण, पंचायत परिवार के सदस्य व् क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।




## न्यायालय के आदेश पर जानलेवा हमले के आरोपियों पर रिपोर्ट

**हरदोई, चसं।** पिहानी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिसौदिया मनिकापुर में हमलावरों द्वारा बच्चों के विवाद में घर में घुसकर दो महिलाओं को घायल कर सामान तोड़ने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पिहानी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त विवरण में जातून पत्नी नईम के अनुसार बच्चों के विवाद में 22 जनवरी को दोपहर में उसके पारिवारिक नसीम पुत्र नजरे अपने पुत्र साहिबे आलम,जाने आलम, शाहनवाज और पत्नी रुकसाना के साथ लाठी डंडे हंसिया लेकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर रहे थे।उसने मना किया तो सभी उसको धक्का देकर उसके घर में घुस आए और लाठी डंडों से उसे मारने लगे।उसकी ननद रहमिनी उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया और घर का सब सामान तोड़ डाला घर में रखे पांच हजार रुपए उठा लिए।उसने विरोध किया तो हंसिया मारकर उसे घायल कर दिया। पिहानी पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की न ही डॉक्टरी परीक्षण करवाया। न्यायालय के आदेश पर पिहानी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शैक्षिक भ्रमण से होता है बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान : डॉ शीर्षेन्दु शील त्रिवेदी

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** वैदिक कालीन भारतीय शिक्षा के अध्यात्मिक केन्द्रो गायत्री परिवार के शान्ति कुंज हरिद्वार तथा परमार्थ निकेतन के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में नवीन ऊर्जा का प्रवाह होता है उक्त बातें सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर के प्रबंधक डॉ शीर्षेन्दु शील त्रिवेदी ने बताई। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अलीपुर हरदोई के छात्र व छात्राओं का तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 21 अप्रैल 2025 को हरिद्वार , ऋषिकेश तथा देहरादून के लिए रवाना हुआ ,जिसमें सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने देवभूमि हरिद्वार हरि की पौड़ी पहुंच कर स्नान कर आरती दर्शन किया।

प्रथम दिन छात्र-छात्राओं को काफी रोचक लगा,द्वितीय दिवस में छात्र-छात्राओं ने शांति कुंज में वैदिक शिक्षा शिक्षा और आध्यात्मिक केन्द्र में जाकर गुरुकुल अवलोकन,हवन पूजन किया,जिससे मनुष्य को आत्मिक शुद्धता प्राप्त होती है ऐसा महसूस किया।शांतिकुंज भ्रमण में अखंड ज्योति के दर्शन ,गायत्री माता, हिमालय दर्शन किए। सभी छात्र-छात्राएं समुद्र मंथन से निकले बिषपान कर विश्व रक्षा करने वाले नीलकंठ महादेव दर्शन के लिए रवाना हुए जो कि अपने आप में अप्रतिम स्थान रखता है वहां पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं ने नीलकंठ महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां से सभी छात्र-छात्राएं बस द्वारा ऋषिकेश पहुंचे जहां पर राम झूला के दर्शन किए इसके पश्चात परमार्थ निकेतन गुरुकुल , गीता भवन आदि स्थानों पर वहां के विषय में जानकारी प्राप्त की। परमार्थ निकेतन में विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे जिनके विषय में छात्र-छात्राओं ने जानकारी एकत्रित की जहां पर रुद्राक्ष का काफी पुराना वृक्ष है इसके बारे में वहां के गाइड मुकेश कुमार जी के द्वारा जानकारी दी गई।इसके ऋषिकेश में गंगा स्नान सभी छात्र-छात्राओं ने किया व गंगा मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया । ऋषिकेश की आरती दर्शन का लाभ प्राप्त किया। द्वितीय दिवस में सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद के साथ रोचक व शैक्षिक जानकारियां प्राप्त हुई। सभी छात्र-छात्राएं हरिद्वार के लिए वापस हुए। तृतीय दिवस प्रातः सभी छात्र-छात्राओं ने हरिद्वार गंगा स्नान कर गंगा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राएं देहरादून के लिए बस द्वारा प्रस्थान किया जहां पर टपकेश्वर महादेव मंदिर आदि शैक्षिक व धार्मिक स्थानों का भ्रमण किया व वहां के विषय में शैक्षिक जानकारियां एकत्रित की। सभी छात्र छात्राओं का यह त्रि दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम काफी सराहनीय व रोचक रहा। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड कक्षा के छात्र परास्नातक विज्ञान संकाय व कला संकाय के छात्र-छात्राओं के साथ डॉ विवेक बाजपेई, डॉ एस एस त्रिवेदी, डॉक्टर एस के पांडे, आनंद विशारद, मुकेश कुमार आदि शिक्षक भ्रमण में सम्मिलित रहे।यह भ्रमण कार्यक्रम महाविद्यालय की बस द्वारा किया गया।



# संक्षिप्त समाचार

## अवैध अस्पताल में इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत, अस्पताल सीज



**हरदोई, चसं।** एक अवैध अस्पताल में पैर दर्द के इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। संझारा गांव के रहने वाले 54 वर्षीय बड़े सिंह सांडी चुंगी स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक, बिना किसी स्पष्ट जानकारी के उन्हें भर्ती कर लिया गया। अस्पताल में एक नशीला इंजेक्शन लगाने के तुरंत बाद उनकी हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे सुंदरलाल ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिवार के सदस्य कुलदीप सिंह यादव का कहना है कि अस्पताल संचालक उनका पड़ोसी है। उन्होंने पुरानी रंजिश के चलते जानबूझकर गलत इंजेक्शन दिया। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में पता चला कि न्यू लाइफ हॉस्पिटल न तो पंजीकृत है और न ही वैध रूप से चल रहा था। एक महीने पहले अस्पताल को नोटिस दिया गया था। इसके बावजूद यहां इलाज जारी था।प्रशासन ने अस्पताल को तुरंत सील कर दिया है। संचालक के खिलाफ मेडिकल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। क्षेत्र में लोगों में आक्रोश है और मृतक के परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को किया बरामद



**हरदोई, चसं।** कासिमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से आठ दिन पर लापता हुई युवती के मामले में पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया है। 16 अप्रैल को युवती की मां द्वारा थाना कासिमपुर पर तहरीर दी गयी कि जितेन्द्र कश्यप पुत्र मंगल कश्यप निवासी ग्राम रिठवे थाना कासिमपुर व दो अन्य नामजद सहयोगियों सहित उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में युवती की मां की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। थाना कासिमपुर के उपनिरीक्षक प्रियांक शर्मा व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद किया गया है।पुलिस ने युवती के बयानों के आधार पर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## दलित युवक से मारपीट करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**हरदोई, चसं।** बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेरवा चांदपुर निवासी दलित युवक को जातिसूचक गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। 23 अप्रैल को प्रवीण पासी पुत्र उदयराज पासी निवासी ग्राम तेरवा चांदपुर द्वारा थाना बिलग्राम पर तहरीर दी गई कि अंकित पुत्र लल्लू और अनुराग यादव पुत्र रामस्नेही यादव निवासीगण ग्राम रामपुर मझियारा थाना बिलग्राम सहित कुल 02 अज्ञात लोगों द्वारा यूपीआई पेमेंट को लेकर वादी के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी। इस संबंध में पीड़ति की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दलित एक्ट सहित मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना बिलग्राम के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अभियुक्त अंकित पुत्र लल्लू को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास जारी हैं।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## कैंडल मार्च निकालकर आतंकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



**शाहाबाद/हरदोई, चसं।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत के बाद नगर में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन और उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार की शाम को अलग अलग कैंडल मार्च निकाल विरोध प्रदर्शन किया।व्यापार मंडल के अध्यक्ष के नेतृत्व में घास मंडी तिराहा से कैंडल मार्च की शुरुआत हुई। यह मार्च बड़ी बाजार और घंटाघर होते हुए चौक से पहुंचा। व्यापारियों ने चौक में सिद्ध भोले बाबा मंदिर पर दो मिनट का मौन धारण करके मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी।उद्योग व्यापार संगठन का कैंडल मार्च नगर अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता के नेतृत्व में निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की।इस मौके पर पूर्व सभासद आलोक पाठक, सुनील कुमार गुप्ता,अनिल राठौर,सतीश राठौर, रामू राठौर, दिनेश कुमार मिश्रा, विशाल गुप्ता,राजीव गुप्ता,जितेंद्र गुप्ता,योगेश गुप्ता,नीरज नरूला, भईयन वर्मा,राकेश राठौर,अभिषेक राठौर,रतिराम गुप्ता,ज्ञानेश गुप्ता,मनोज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## पतंजलि योग समिति ने मृतक आत्माओं की शांति के लिये की प्रार्थना



**हरदोई, चसं।** शहीद उद्यान में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह ने अपने योग परिवार के साथ शोक सभा कर पुलवामा में हुए जघन्य हत्याकांड की घोर निंदा की और उसमें निर्दयतापूर्वक मारे गए लोगों की पवित्र आत्माओं की शान्ति के लिए तथा शोक संतपत परिवार को यह असहनीय पीड़ा को सहन धारण करने शक्ति प्रदान करने के लिए खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई और सभी ने अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। हरिबंश सिंह ने आतंकवादियों द्वारा की गई जघन्य हत्या की कटु आलोचना करते हुए कहा कि हम सब लोग सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त किया जाये और ऐसे आतंकवादियों को तथा उनको पनाह देने वाले को सजा दी जाये। उक्त अवसर पर तोताराम, दिलीप कुमार, रिंकी, शशी, रजनी, रंजना, मनू, रेनू, रेखा, संतोषी,आशू सिंह,पुष्पा देवी, तारा देवी,गीता त्रिवेदी,मिथलेश कुमारी, शशि प्रभा सिंह, शिमला, अनुराधा साहू, रामकिशोर पाल, दयानाथ, पुत्तूलाल वर्मा, सुभाषचंद्र मौर्य, राजीव सिंह, नत्थू लाल, शिव प्रकाश सिंह, भूपेश गुप्ता, रामशरण पाल, आर पी दिनकर, विजय कुमार अस्थाना तथा ऑनलाइन में रामनरेश गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, प्रभा सिंह, रत्ना मिश्रा, आशा विनोद, सुधा सिंह, गीता सिंह, अवनि कुमारी, रामजनकी मौर्या, रागिनी गुप्ता, संतोष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय आईटीआई के कैम्पस ड्राइव में 86 युवाओं को मिला रोजगार





**लखनऊ, चसं।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत टाटा मोटर्स लिमिटेड लखनऊ और पंतनगर द्वारा कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत से संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों से अधिक चयन करने का आग्रह किया।प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खाँ ने बताया कि ड्राइव में 160 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 124 योग्य पाए गए। साक्षात्कार के बाद, 86 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर मिला। लखनऊ में प्रशिक्षुओं को रूपये 13060 और अस्थायी कर्मचारियों को रूपये 14827 मासिक वेतन मिलेगा। पंतनगर में प्रशिक्षुओं के लिए रूपये 11558 और अस्थायी कर्मचारियों के लिए रूपये 13409 मासिक वेतन निर्धारित है, साथ ही अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी।चयन से वंचित अभ्यर्थी 30 अप्रैल को होने वाले रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

### रियल एस्टेट क्षेत्र को 2022-24 में 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश मिला : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने पिछले तीन कैलेंडर साल के दौरान 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया है। सीआईआई-सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें कुल निवेश का एक-चौथाई से अधिक सिर्फमुंबई शहर को प्राप्त हुआ। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी सीबीआरई और उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने मंगलवार को एक संयुक्त रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में रियल एस्टेट परिदृश्य और प्रचलित वित्तपोषण रणनीतियों का एक खाका पेश किया गया है, जिनमें इक्विटी और ऋण निवेश और एआईएफसे संबंधित रणनीतियां, तथा अन्य रणनीतिक जानकारियां शामिल हैं। परामर्श कंपनी ने कहा, ÷साल 2022-24 के दौरान भारत में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश 26.7 अरब डॉलर रहा। मुंबई 6.9 अरब डॉलर के उच्चतम प्रवाह के साथ रियल एस्टेट इक्विटी निवेश में शीर्ष पर रहा।निवेश में उसकी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही।÷ इस अवधि के दौरान मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु ने कुल मिलाकर लगभग 16.5 अरब डॉलर आकर्षित किए, जो कुल मिलाकर 62 प्रतिशत हिस्सा है।

### शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 315 अंक टूटकर 79,801 पर हुआ बंद, निफ्टी 24,246 के स्तर पर

**मुंबई, एजेंसी।** लगातार 7 दिन तेजी के बाद आज यानी गुरुवार, 24 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 315 अंक गिरकर 79,801 के स्तर पर और निफ्टी भी 82 अंक की गिरा, ये 24,246 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार, 23 अप्रैल को शेयर बाजार में लगातार 7वें दिन तेजी रही। सेंसेक्स 521 अंक चढ़कर 80,116 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 162 अंक की तेजी रही, ये 24,329 पर पहुंच गया है।

### नेस्ले इंडिया का लाभ मार्च तिमाही में 6.5 फीसदी घटकर 873.46 करोड़ रुपए पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मैगी, नेस्कैफे जैसे उत्पाद बनाने वाली नेस्ले इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 6.5 प्रतिशत घटकर 873.46 करोड़ रुपए रहा। नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 934.17 करोड़ रुपए था। नेस्ले इंडिया का उत्पादों की बिक्री से आय मार्च तिमाही में 3.67 प्रतिशत बढ़कर 5,447.64 करोड़ रुपए रही। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5,254.43 करोड़ रुपए थी। कंपनी का मार्च तिमाही में कुल खर्च 4,307.76 करोड़ रुपए रहा। नेस्ले इंडिया की घरेलू बिक्री 2024-25 की मार्च तिमाही में 4.24 प्रतिशत बढ़कर 5,234.98 करोड़ रुपए रही, जबकि इससे पूर्व वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5,021.61 करोड़ रुपए थी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा, ''इस तिमाही में पेय पदार्थ और कन्फेक्शनरी में दहाई अंक की वृद्धि हुई है... हमारी घरेलू बिक्री 5,235 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई, जो किसी भी तिमाही में अब तक की सबसे अधिक बिक्री है।

### एफपीआई ने तोड़ा भरोसा, विदेशी निवेशकों ने भारतीय डेट मार्केट से निकाले 2.27 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में महंगाई लगातार बनी हुई है और बाजार में अस्थिरता भी बढ़ी है, इसके बावजूद वहां की ऊंची ब्याज दरों ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है। इसका असर भारत के डेट मार्केट पर पड़ा है, जहां से निवेशकों ने पैसा निकालना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2025 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय डेट मार्केट से 2.27 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है। यह मई 2020 के बाद सबसे बड़ी मासिक निकासी है और नवंबर 2024 के बाद पहली बार हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बॉन्ड रिटर्न्स में अंतर अब काफी कम हो गया है। भारत का 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड यील्ड अप्रैल में 6.6ः से गिरकर 6.33ः पर आ गया, जबकि अमेरिका का यील्ड 3.99ः से बढ़कर 4.35ः हो गया। दोनों के बीच अंतर अब केवल 200 बेसिस प्वाइंट (2ः) रह गया हैकृजो सितंबर 2004 के बाद सबसे कम है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के डायरेक्टर सौम्याजीत नियोगी के अनुसार, उच्च ब्याज दर और अनिश्चितता के चलते अमेरिकी बॉन्ड्स में अब निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिख रहा है। वहीं, फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को फिलहाल कम करने के मूड में नहीं है। हालांकि भारत में महंगाई नियंत्रित है, ब्याज दरों में कटौती की संभावना है और सरकार ओपन मार्केट ऑपरेशंस के तहत बॉन्ड खरीद रही है, जिससे घरेलू बॉन्ड मार्केट को मजबूती मिल रही है। जन स्मॉल फाइनेंस बैंक के गोपाल त्रिपाठी के अनुसार, रेपो रेट और बॉन्ड यील्ड में 1ः का अंतर फिलहाल निवेश के लिए अच्छा संकेत है। साथ ही रुपए में भी हाल के मुकाबले मजबूती आई है।

### सोने ने चली उल्टी चाल, आई इस साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच चुकी सोने की कीमतों ने आज उल्टी चाल चल दी है। आज (23 अप्रैल) सोने की कीमतें एक बार फिर नीचे आ गई हैं। सोने में इस साल यह दूसरी सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि चांदी में हल्की बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोना आज 2,700 प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है, वहीं चांदी घ्508 प्रति किलो महंगी हुई है। आईबीजेए के अनुसार, आज सोने की कीमत 95,784 प्रति 10 ग्राम पर आ गई है जबकि इससे पहले 98,484 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 96,115 है जबकि इससे एक दिन पहले चांदी का भाव 95,607 प्रति किलो था। आपको बता दें कि 23 जुलाई 2024 बजट में सोना-चांदी की कस्टम ड्यूटी (इम्पोर्ट टैक्स) घटने के बाद सोने के दाम एक ही दिन में 3600 रुपए हो गए थे। कुछ समय पहले एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया था कि आने वाले वर्षों में सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी जा सकती है और यह गिरावट 55,000 प्रति 10 ग्राम तक हो सकती है।

# होम ग्राउंड पर खुला बेंगलुरु की जीत का खाता

चर्चित राजनीति। एजेंसी



■ आईपीएल के 42वें मुकाबले में बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से दी शिकस्त

**नई दिल्ली।** विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के अर्द्धशतक के बाद जोश हेजलवुड की आग उगलती गेंदबाजी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें सीजन में होम ग्राउंड पर पहली जीत दर्ज की। आईपीएल 2025 के 42वें मैच में गुरुवार को बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हराया। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने प्वाइंट्स टेबल में छलांग लगाई है। टीम के अब 12 अंक हो गए हैं और वह तीसरे पायदान पर पहुंच गई है।

वहीं राजस्थान की यह लगातार 5वीं हार है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को विराट कोहली और फिल सॉल्ट ने तेज शुरुआत दिलाई। पावरप्ले के बाद आरसीबी ने बिना कोई विकेट खोए 59 रन बना दिए थे। पावरप्ले समाप्त होने के बाद आरसीबी को पहला झटका लगा 7वें ओवर की चौथी गेंद पर हसरंगा ने सॉल्ट का शिकार किया। उन्होंने 23 गेंदों पर 26 रन की साधारण सी पारी खेली। 3 नंबर पर बल्लेबाजी करने आए देवदत्त पडिक्कल ने विराट कोहली का भरपूर साथ दिया। दोनों ने मिलकर स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया और दूसरे विकेट के लिए 95 रन जोड़ दिए। जोफ्रा आर्चर ने इस पार्टनरशिप को ब्रेक किया। 16वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने विराट का विकेट अपने खाते में लिखवा लिया। लीग के इतिहास में पहली बार आर्चर ने विराट का शिकार किया है। कोहली ने 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली। कोहली के जाते ही पडिक्कल भी ज्यादा देर मैदान पर नहीं रहे। 17वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने नीतीश राणा को कैच थमा दिया। पडिक्कल ने 27 गेंदों का सामना किया और 50 रन की पारी खेली। टिम डेविड 23 के स्कोर



पर रन आउट हुए। जितेश शर्मा 20 और रजत पाटीदार 1 रन बनाकर नाबाद रहे। संदीप शर्मा ने 2 विकेट चटकाए। साथ ही जोफ्रा आर्चर और हसरंगा को 1-1 सफलता मिली। 206 रन चेज करने उतरी राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने आते ही अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। आरसीबी की ओर से पहला ओवर भुवनेश्वर कुमार ने किया। ओवर की पहली ही गेंद पर यशस्वी ने सिक्स लगाया। इसके बाद भी पहले ओवर से 8 रन ही आए। यशस्वी और वैभव पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना चाहते थे ऐसे में दोनों ने लगाातर गेंद पर प्रहार किए। हालांकि, इस दौरान कई मर्तबा गेंद बल्ले से लगकर इधर-उधर भी गई। अपने करियर का दूसरा ही आईपीएल मैच खेल रहे वैभव हर गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाना चाहते थे। ऐसे में वह अपना विकेट गंवा बैठे। 5वें ओवर की दूसरी गेंद पर भुवनेश्वर कुमार ने वैभव को बोल्ड किया। 14 साल के इस बल्लेबाज ने 12 गेंदों पर 16 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल फिफ्टी से चूक गए। छठे ओवर की 5वीं गेंद पर जोस हेजलवुड ने उन्हें 49 के स्कोर पर शेफर्ड के हाथों कैच आउट कराया। 4 नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान रियान पराग ने समझदारी भरी पारी नहीं खेली और बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में कैच आउट हो गए। उन्होंने 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 10 गेंदों पर 22 रन बनाए। 14वें ओवर से पहले विराट कोहली ने कप्तान रजत पाटीदार से गेंद बदलने को कहा। बेंगलुरु ने गेंद बदलकर क्रूणाल पांड्या को थमा दी। क्रूणाल भी कप्तान की उम्मीदों पर खरे उतरे और तीसरे गेंद पर उन्होंने नीतीश राणा को पवेलियन भेज दिया। राणा ने 22 गेंदों का सामना किया और 28 रन बनाए। शिमरोन हेटमायर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और उन्होंने 1 चौके की मदद से 11 रन बनाए। 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर ध्रुव जुरेल विकेट की पीछे पकड़े गए। जुरेल फिफ्टी से चूक गए और उन्होंने 34 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली। अगली ही गेंद पर जोश हेजलवुड ने आर्चर को भी पवेलियन भेज दिया। आर्चर का खाता तक नहीं खुला। आखिरी ओवर में शुभम दुबे और हसरंगा का विकेट गिरा। जोश हेजलवुड ने 4 शिकार किए।

**पावरप्ले के बाद आरसीबी ने बिना कोई विकेट खोए 59 रन बना दिए थे। पावरप्ले समाप्त होने के बाद आरसीबी को पहला झटका लगा 7वें ओवर की चौथी गेंद पर हसरंगा ने सॉल्ट का शिकार किया। उन्होंने 23 गेंदों पर 26 रन की साधारण सी पारी खेली।**

**उन्होंने हमें बैकफुट पर धकेल दिया था, जीत के बाद विराट कोहली ने सुनाई वापसी की दास्तान :** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 42वें मुकाबले में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कांटे की टक्कर वाले मैच में राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से मात दी। इसके साथ ही आरसीबी ने इस सीजन अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज की। विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल की फिफ्टी की मदद से आरसीबी ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाए थे। जवाब में जोश हेजलवुड की कसी हुई गेंदबाजी के चलते राजस्थान टीम निर्धारित ओवर में 194 रन ही बना सकी। विराट कोहली ने मैच के बाद कहा, देखिए, हमने घर पर तीन बहुत ही औसत खेल खेले हैं और हमने कुछ चीजों पर चर्चा की है जिन्हें हमें बल्लेबाजी यूनिट के रूप में सही करने की आवश्यकता है। हमने स्कोर को सही दिशा में बढ़ाने के लिए खुद को अच्छी तरह से लगाया। पिच उतनी सपाट नहीं थी जितनी लग रही थी। ओस ने दूसरे हाफ में गेंद को अच्छी तरह से आने दिया और राजस्थान को कुछ अच्छे शॉट खेलने के लिए श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने हमें बैकफुट पर धकेल दिया था। खुद को खेल में वापस लाना और उन दो अंकों को प्राप्त करना शानदार था। विराट ने कहा, पहली चुनौती टॉस जीतना है। दूसरे हाफ में हमेशा ओस होती है। हम बराबर स्कोर बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। अब टेम्पलेट बहुत सरल है, एक खिलाड़ी को बल्लेबाजी करनी है और बाकी खिलाड़ी उसके चारों ओर आक्रमण करना है। देवदत्त और मैं इस मैदान को अच्छी तरह से जानते हैं। बस सॉल्ट को टॉप पर अपना काम करने देना चाहते थे।

नई गेंद के साथ पहले कुछ ओवरों में गति और उछाल है। आज हमने बस गेंद को टाइम करने और विपक्षी टीम पर पर्याप्त दबाव बनाए रखने की कोशिश की ताकि हम बाउंड्री बॉल देते रहें। आईपीएल में क्रिकेट खेलने के लिए बेंगलुरु सबसे अच्छी जगह है, और फैंस ने अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया। यह एक खास जगह है और यहां से बहुत सारी खास यादें जुड़ी हैं।

**क्या संजू सैमसन आईपीएल के पूरे सीजन से होंगे बाहर? रियान पराग ने दिया अपडेट :** आरसीबी के खिलाफ मैच से भी संजू सैमसन बाहर हैं। टॉस के समय कप्तान रियान पराग ने अपडेट दिया। रियान ने उम्मीद जताई है कि वह जल्दी ही मैदान पर वापसी करेंगे। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ संजू सैमसन चोटिल हो गए थे। आईपीएल 2025 के 42वें मैच में आरसीबी का सामना आरआर से है। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। राजस्थान ने प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया है। तीक्षणा की जगह फजल-हक-फारूकी को जगह दी है। टॉस के समय रियान ने कहा, विकेट स्टिकी नजर आ रही है लेकिन, आगे चलकर यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी हो जाएगी इसलिए उन्होंने पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। राजस्थान की टीम में एक बदलाव है, महेश तीक्षणा की जगह फजल-हक-फारूकी खेलेंगे। संजू सैमसन ठीक हैं और उम्मीद है कि जल्द ही वापसी करेंगे। वहीं, मैच से पहले टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने नियमित कप्तान संजू सैमसन की इंजरी पर अपडेट दिया था। द्रविड़ ने कहा कि सैमसन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच के लिए मेडिकल टीम ने सफर करने की परमिशन नहीं दी है। राहुल द्रविड़ ने कहा कि संजू सैमसन की वापसी के लिए कोई तय समयसीमा नहीं है और टीम उनकी रिकवरी में मदद करने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। गौरतलब हो कि संजू सैमसन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान पेट में चोट लग गई थी। वह पेट की चोट से उबर रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में रियान पराग राजस्थान की कप्तानी कर रहे हैं। द्रविड़ ने कहा कि टीम ने सैमसन की रिकवरी में मदद के लिए फिजियो को उनके साथ रखा है और उनकी प्रगति पर नजर रखी जा रही है।

**छठा खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे रोहित, मुंबई के गेंदबाज ने किया बड़ा दावा :** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और टीम को रिकार्ड छठा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। बोल्ट ने सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध चार विकेट लेकर मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। बोल्ट ने कहा कि मुंबई की पूरी टीम में विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और रोहित को परिचय की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हर कोई टीम की जीत में योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित पिछले कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। वह सत्र के बाकी मैचों में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाएगा। बोल्ट ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि हार्दिक जुनूनी क्रिकेटर है और काफी प्रतिभावान भी। वह बेहतरीन कप्तान है और मोर्चे से अगुवाई करता है। उन्होंने कहा कि वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से है, लिहाजा उसकी कप्तानी में खेलना शानदार अनुभव है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में हम लय हासिल नहीं कर सके थे, लेकिन लगातार चार जीत के बाद हमने वह कमी पूरी कर दी। हमारी टीम अच्छा खेल रही है और इसे कायम रखना चाहेंगे। ज्यादा आगे की नहीं सोच रहे, क्योंकि हालात बदलने में देर नहीं लगती। अभी टूर्नामेंट में काफी क्रिकेट बाकी है। आईपीएल 2025 में खराब शुरुआत के बार रोहित शर्मा की फॉर्म में वापसी हो चुकी है। वह पिछले 2 मुकाबलों में फिफ्टी जड़ चुके हैं। 2016 के बाद आईपीएल में ऐसा पहली बार हुआ है जब रोहित ने लगाातर 2 मैच में अर्धशतक लगाया हो। हैदराबाद के विरुद्ध पिछले मैच में रोहित ने 70 रन की पारी खेली थी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 20 अप्रैल को हुई भिड़ंत में रोहित ने नाबाद 76 रन जड़ दिए थे। रोहित की फॉर्म में वापसी मुंबई के लिए अच्छे संकेत है। 18वें सीजन में मुंबई ने 9 मैच खेले हैं और 5 में जीत दर्ज की है। 10 अंकों के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है।

**अब भी प्लेऑफ में जगह बना सकती चेन्नई सुपर किंग्स, कोच ने किया पूरे ब्लूप्रिंट का खुलासा :** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम आईपीएल 2025 सीजन में वापसी करने के लिए पिछले साल के आरसीबी के ब्लूप्रिंट का इस्तेमाल करेगी। चेन्नई ने 18वें सीजन में अब तक 8 मैच खेले हैं और 2 में जीत दर्ज की है। 4 अंकों के साथ चेन्नई प्वाइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर है। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए चेन्नई को अपने सभी बचे हुए मैच जीतने होंगे। पिछले सीजन में आरसीबी ने खुद को इसी मुश्किल में पाया था, जब उन्होंने अपने अंतिम गेम में सीएसके को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई थी। SRH के खिलाफ मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लेमिंग से एमएस धोनी के कमेंट के बारे में पूछा गया कि अगर वे प्लेऑफ में नहीं पहुंचते हैं तो अगले सीजन की ओर देखेंगे। CSK के कोच ने कहा कि वे अभी भी बचे हुए 6 में से 6 गेम जीतने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि यदि चीजें ठीक से नहीं होती हैं, तो वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे चल रहे अभियान से अधिकतम लाभ उठा सकें और भविष्य के लिए तैयारी कर सकें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लेमिंग ने कहा, हमें अभी भी 6 में से 6 मैच जीतने की उम्मीद है। कुछ लोग इस पर हंसेंगे, लेकिन आरसीबी ने इसके लिए एक साल पहले ही खाका तैयार कर लिया था। इसलिए अभी भी एक मौका है, हमारी एक नजर यह सुनिश्चित करने पर है कि हमें लगता है कि इस खेल के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलेंगे, लेकिन हम यह भी जानते हैं कि अगर यह काम नहीं करता है, तो हमें इस खराब सीजन का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए सम्भावित खिलाड़ियों की घोषणा की




चर्चित राजनीति। एजेंसी

■ 30 अप्रैल तक चलेगा शिविर

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की है। यह शिविर 25 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में उनके प्रदर्शन के आधार पर हॉकी इंडिया ने आगामी राष्ट्रीय शिविर के लिए 54 खिलाड़ियों के एक कोर ग्रुप का चयन किया है। यह शिविर 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसके दौरान समूह का मूल्यांकन किया जाएगा और उसके बाद खिलाड़ियों की सूची को 40 तक लाया जाएगा। चयनित 40 खिलाड़ी 1 से 25 मई तक निर्धारित शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

54 खिलाड़ियों में से 38 को मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है। बाकी खिलाड़ियों को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है, जिसमें हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी पंजाब, यूपी हॉकी, हॉकी बंगाल और मणिपुर हॉकी के खिलाड़ी शामिल हैं। मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखे गए खिलाड़ियों में कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच, मोहम्मद राहील मौसीन, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, सुमित, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना चंदुरा बॉबी, राजिंदर सिंह, विष्णु कांत सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे, बॉबी सिंह धामी, सेल्वम कार्थी, सुनील जोजो, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सुदीप चिरमाको और अंगद बीर सिंह शामिल हैं। शिविर के लिए बुलाए गए नए खिलाड़ियों में संजय बी, अंकित मलिक, प्रताप लाकड़ा, प्रमोद, धनावड़े मयूर, अली अहमद, आकिब रहीम, अर्जुन शर्मा, यूसुफ अफ्फान, लैशराम दीपू सिंह, वेंकटेश केंचे, गुरसाहिबजीत सिंह, प्रदीप सिंह, रवि, उत्तम सिंह और मनिंदर सिंह शामिल हैं। आगामी शिविर के फोकस के बारे में बात करते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी को मैदान पर वापस लाना, जिम में वापस लाना और फिर से आगे बढ़ना है। राष्ट्रीय स्तर के बाद से हमें थोड़ा ब्रेक मिला है, इसलिए यह मूल बातों पर वापस जाने के बारे में है। हमारे पास वरिष्ठ खिलाड़ियों, रिजर्व और कुछ रोमांचक नए चेहरों का मिश्रण है। यह शिविर नए खिलाड़ियों को परखने का एक मौका है, साथ ही यह भी आकलन करने का मौका है कि हमारे वरिष्ठ और रिजर्व खिलाड़ी कहां खड़े हैं। हम कुछ दिनों में धीरे धीरे आंतरिक मैच खेलने के लिए तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा, फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, खासकर जून में होने वाले प्रो लीग के अंतिम चरण के लिए। यह शिविर न केवल शारीरिक रूप से बल्कि खेल के सभी क्षेत्रों में गहन होने वाला है। हम फिटनेस, गेमप्ले और समग्र तैयारियों को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस शिविर में जूनियर और नए खिलाड़ियों की भूमिका पर बात करते हुए फल्टन ने कहा, युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने पर निश्चित रूप से ध्यान दिया जाएगा। यह शिविर हमें कुछ होनहार जूनियर और नए खिलाड़ियों पर करीब से नजर डालने का मौका देता है। साथ ही, हम अपने वरिष्ठ समूह के बीच संरचना और स्थिरता को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह अनुभव को क्षमता के साथ मिलाने और सभी को आगे की राह के लिए तैयार करने के बारे में है।

विशेष रूप से, भारतीय टीम प्रो लीग से पहले आयरलैंड में दोस्ताना मैच भी खेलेगी। फल्टन ने कहा, हम प्रो लीग से पहले कोई आधिकारिक टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे, लेकिन हम आयरलैंड में एक प्रशिक्षण शिविर की योजना बना रहे हैं। टीम वहां तीन दोस्ताना मैच खेलेगी। यह एक महत्वपूर्ण तैयारी और प्रतिस्पर्धी सेटिंग में मैच के लिए तैयार होने का एक अच्छा अवसर होगा।

### ऑस्ट्रेलिया में 23 नम्बर की जर्सी में तिरंगा लहराएंगी पूजा

**वाराणसी, एजेंसी।** पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी शृंखला खेलने काशी की बेटी पूजा यादव मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं। 23 नंबर की जर्सी में 26 अप्रैल को पहला मैच पर्थ में खेलेंगी। गंगापुर निवासी दुधिया की बेटी पूजा यादव का बचपन गरीबी में गुजरा है। वह गंगापुर नगर पंचायत के एक कमरे के पुश्तैनी मकान में 6 बहनों और भाई के साथ रहती हैं। वह खेल के साथ अपनी भैंस को चारा और पानी भी देती थीं। मां कलावती देवी ने बताया कि वह हर रोज पूजा के टीम में चयन होने की दुआ मांगती थीं।

## मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने उतारा 245 किमी रेंज का अत्याधुनिक मिनी ट्रक एविएटर



**लखनऊ, चसं।** गुरुवार को मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक की ई-एससीवी इकाई टीवोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपनी पहली ई-एससीवी डीलरशिप शुरू करके एक अहम कदम उठाया है। यह उत्तर प्रदेश में पहली ई-एससीवी डीलरशिप है, जो राज्य में कंपनी के विस्तार के इरादे को दर्शाती है। नए चौनल पार्टनर एमजी रोडलिंक के पास एक अत्याधुनिक शोरूम सुविधा है, जो शहर के महत्वपूर्ण लोकेशन- जी-1ध्72, ट्रांसपोर्ट नगर, शिवानी पब्लिक स्कूल के सामने, कानपुर रोड, लखनऊ में स्थित है। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा के साथ वर्कशॉप, प्लॉट नंबर 290, मिंजुमला, मोहल्ला बाग-2, बेहसा, कानपुर रोड में ग्राहकों की पहुंच और अनुभव को बढ़ाने के लिए स्थित है। आधुनिक उपकरणों और उन्नत तकनीक से लैस नई डीलरशिप का उद्घाटन टीवोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सजू नायर और एमजी रोडलिंक के निदेशक आशीष अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डीलर्स, ग्राहक, सप्लायर्स और अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद थे। मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक का नया और उन्नत ई-एससीवी मॉडल एविएटर अब इस डीलरशिप पर उपलब्ध है। यह गाड़ी बेहतरीन परफॉर्मेंस और एफिशिएंसी का नया मानक तय करती है। इसकी प्रमाणित रेंज 245 किलोमीटर और वास्तविक रेंज 170 किलोमीटर है। इसमें 80 किलोवॉट की ताकतवर मोटर और 300 एनएम का टॉर्क है, जो इसे छोटे व्यवसायिक वाहनों (ई-एससीवी) की दुनिया में बेहद खास बनाता है। यह गाड़ी टिकाऊ और भरोसेमंद है और इसके साथ 7 साल या 2.5 लाख किलोमीटर तक की वॉरंटी मिलती है। इसमें एडवांस टेलीमैटिक्स भी है, जिससे यह 95ः से अधिक फ्लीट अपटाइम सुनिश्चित करती है, जिससे ऑपरेशन और मुनाफा दोनों बेहतर होते हैं। टीवोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सजू नायर ने कहा, श्उत्तरप्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम लखनऊ में अपनी पहली डीलरशिप के साथ राज्य में कदम रखकर बेहद उत्साहित हैं।

मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक में हम स्वच्छ गतिशीलता के क्षेत्र में नवाचार और स्थायित्व के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह शुरुआत हमारे लिए एक अहम उपलब्धि है, जिससे हम ग्राहकों के और करीब आ पाएंगे और उनकी बदलती हुए जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हाई-परफॉर्मेंस वाले ई-एससीवी दे सकेंगे। एमजी रोडलिंक के साथ हमारी साझेदारी हमारी सेवा देने की क्षमता को और मजबूत बनाती है। एमजी रोडलिंक के निदेशक आशीष अग्रवाल ने कहा, हम इस नई डीलरशिप को लॉन्च करने के लिए मोंट्रा इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, जो ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सहयोग न केवल ईवी स्पेस में एक विश्वसनीय नाम के रूप में मोंट्रा इलेक्ट्रिक की उपस्थिति को मजबूत करता है, बल्कि विश्वसनीय, उच्च प्रदर्शन वाले इलेक्ट्रिक छोटे वाणिज्यिक वाहनों तक ग्राहकों की पहुंच को भी बढ़ाता है। साथ मिलकर, हम स्मार्ट, अनुरूप गतिशीलता समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पूरे क्षेत्र में हमारे ग्राहकों की गतिशील और बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हैं। मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक दरअसल इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में सबसे तेजी से बढ़ने वाले ब्रांड्स में से एक बना हुआ है। कंपनी लगातार नए डीलरशिप और सर्विस सेंटर्स खोल रही है ताकि ग्राहकों को बेहतरीन आफ्टर-सेल्स सेवा दी जा सके।

# माधुरी के साथ फिर काम करेंगी तृप्ति डिमरी

**बॉ**लीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी। दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी। वहीं दूसरी ओर अमर अकबर एंथनी, सुहाग, काला पत्थर, शान, क्रांति, कालिया और नमक हलाल जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए मशहूर दिवंगत बॉलीवुड आइकन परवीन बाबी की बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अभिनेत्री तृप्ति डिमरी को चुना गया है। जीवनी पर आधारित यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के अनुसार, तृप्ति की डेट्स तय हो गई हैं। निर्देशक शोनाली बोस और उनकी टीम इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर शूटिंग शुरू करने के लिए तेजी से काम कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, तृप्ति डिमरी को दिवंगत अभिनेत्री परवीन बॉबी की बायोग्राफिकल सीरीज में उनकी भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस नेटफ्लिक्स सीरीज का निर्माण जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है, जिसमें द स्काई इज पिंक की निर्देशक शोनाली बोस इस प्रोजेक्ट का निर्देशन करेंगी। एक सूत्र ने कहा कि तृप्ति डिमरी की डेट्स फाइनल हो गई हैं। निर्देशक शोनाली बोस और उनकी टीम इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने के लिए तेज़ी से आगे बढ़ रही है। 2024 में लगातार दो फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद, प्रशंसक तृप्ति डिमरी को इस प्रतिष्ठित भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं। लैला मजनू की अदाकारा के पास आने वाले समय में कई रोमांचक फिल्में हैं। उन्होंने अपनी बहुमुखी अभिनय से खुद को एक स्टार के रूप में साबित किया है और अब वह एक बार फिर ओटीटी स्पेस में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बुलबुल और क़ला जैसी नेटफ्लिक्स फ़ल्मिों में पहले काम कर चुकी तृप्ति डिमरी का इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में शामिल होना एक बेहतरीन अगला कदम लगता है। इस बायोपिक के अलावा, तृप्ति डिमरी विशाल भारद्वाज की अगली फिल्म का भी हिस्सा हैं जिसमें वह शाहिद कपूर के साथ अभिनय करेंगी। अभी तक बिना शीर्षक वाली यह फिल्म 6 जनवरी, 2025 को फ्लोर पर आई थी और इसे साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा भी हैं। इसके अलावा, उनके पास सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ धड़क 2 और रणबीर कपूर के साथ एनिमल पार्क भी है। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो उन्हें इम्तियाज अली की इडियट्स ऑफ इस्तांबुल में फहाद फासिल के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए भी संपर्क किया गया है। बता दें कि तृप्ति डिमरी का नाम उन एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार है, जिनके रोल ने उन्हें नेशनल क्रश बना दिया था।

रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल में उनकी भूमिका को पसंद किया गया। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सफल भी साबित हुई। इसके बाद एक्ट्रेस के करियर ने नया मोड़ लिया और उन्हें एक से बढ़कर एक बिग स्टारर मूवीज का ऑफर मिलना शुरू हो गया। अब उन्होंने अपने किरदारों को लेकर खुलकर बात की है। तृप्ति डिमरी इन दिनों धड़क 2 को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आएंगे। दरअसल, एनिमल के बाद भी तृप्ति ने कई आइटम सॉन्ग में किसिंग सीन दिए हैं। इसके बाद लोगों के बीच उनकी बोल्ड छवि बन गई है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्मों में अपने बोल्ड सीन्स को लेकर खुलकर बात की है। फोर्ब्स इंडिया को दिए इंटरव्यू में तृप्ति से एनिमल और बैड न्यूज जैसी फिल्मों के बाद उनकी ओवर सेक्सुअलाइज्ड छवि से जुड़ा सवाल किया गया। इसका जवाब में एक्ट्रेस का कहना है कि अगर उन्हें कोई कोई रोल या कहानी पसंद आती है तो वह उसमें अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करती हैं। फिर चाहे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल हो पाए या नहीं। उनका मानना है कि हर काम में अपनी पूरी ताकत लगानी चाहिए। तृप्ति डिमरी ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा, मैंने अपने करियर में यही सीखा है कि कुछ फिल्में काम करती है और कुछ नहीं। हम हमेशा सभी को पसंद नहीं आ सकते हैं। कुछ लोगों को आप पसंद आते हैं और कुछ को नहीं। मुझे इन सभी चीजों से फर्क नहीं पड़ता है। मैं दिमाग से नहीं, हमेशा दिल से सोचकर फैसले लेती हूं। फिल्म के किरदारों को लेकर तृप्ति ने कहा, कल आप पीछे मुड़कर देखेंगे तो आपको लग सकता है कि आपने किसी किरदार को निभाकर गलती की। लेकिन उस समय आपने रोल की जिम्मेदारी को ईमानदारी के साथ पूरा किया था। एक्ट्रेस का यह भी कहना है कि वह जानबूझकर अपनी छवि को ठीक करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, लेकिन अलग-अलग किरदार निभाना उन्हें अच्छा लग रहा है। वह फिल्म के सेट पर जाकर बोरियत महसूस नहीं करना चाहती हैं। इस वजह से वह किरदारों में थोड़ा अलगपन तलाश रही हैं। बता दें कि अभिनेत्री ने हाल ही में कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म आशिकी 3 को छोड़ने के लिए कथित तौर पर सुर्खियाँ बटोरीं। कई रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है कि निर्माताओं ने अभिनेत्री को इसलिए हटा दिया क्योंकि उनके 'व्यवहार में शुद्धता' की कमी थी और संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म में उनके बोल्ड सीन थे। नेटिजेंस को त्रिप्ति डिमरी के खिलाफ बदनामी अभियान को समझने में देर नहीं लगी, जिसमें उनके चरित्र पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहाँ प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया है, वहीं काला अभिनेत्री इस मामले पर चुप रही हैं। हालाँकि, हाल ही में तृप्ति ने एक रहस्यमयी इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की, जिसे प्रशंसक मानते हैं कि यह उनके प्रति की जा रही सभी नफरत का जवाब है। यहां तक कि पोस्ट से यह भी संकेत मिलता है कि वह किस तरह से अपने द्वारा प्राप्त किए जा रहे प्यार पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं।

**अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं।**

इंस्टाग्राम पर, बैड न्यूज अभिनेत्री ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें लिखा था, कभी कभी, आप केवल नफरत के बारे में सुनते हैं, लेकिन इस दुनिया में जितना आप सोच सकते हैं, उससे कहीं ज़्यादा प्यार है। इस बीच, यह कभी आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया गया कि त्रिप्ति डिमरी कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी 3 का हिस्सा हैं। लेकिन अटकलें काफी तेज़ थीं। हाल ही में, फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु ने भी रिपोर्टों की निंदा की, जिसमें उल्लेख किया गया कि कैसे उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया, जिससे उनकी 'पवित्रता' पर सवाल उठे। लूडो निर्देशक ने कहा कि रिपोर्टों में कोई सच्चाई नहीं है। तृप्ति डिमरी की आखिरी नाटकीय रिलीज भूल भुलैया 3 थी। :: **एजेंसी**

## पहलगाम आतंकी हमले पर दीया मिर्जा बोलीं-अब हम चुप नहीं रहेंगे



**ज**म्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पूरा देश गुस्से से उबल रहा है। लोग सोशल मीडिया पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। वहीं, इस घटना पर बॉलीवुड सेलेब्स भी अपना आक्रोश जाहिर कर रहे हैं। इस कड़ी में बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दीया मिर्जा ने अपने पोस्ट में लिखा-घटना के बाद से हमारा दिल दर्द और दुखों से भरा हुआ है। ऐसे समय में हमें एकजुट होकर खड़े होना चाहिए। शांति के लिए आवाज उठानी चाहिए। हमें नफ़रत और हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और अपराधियों को सजा मिलनी चाहिए। न्याय की जीत होनी चाहिए। आइए हम सब एक साथ आएं और कहें, बहुत हो गया। नफरत को हम अपने समाज को तोड़ने नहीं देंगे। अब हम चुप नहीं रहेंगे। दीया मिर्जा से पहले सिंगर श्रेया घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, मैं पहलगाम के बारे में सोचना बंद नहीं कर सकती। उस खामोशी के बारे में जो अराजकता के बाद आई होगी। उन परिवारों के बारे में जिनकी दुनिया फ़िर कभी पहले जैसी नहीं होगी। मेरे दिमाग में यही चल रहा है। यह जानकर मेरा दिल टूट गया कि ऐसे सुंदर, शांतिपूर्ण स्थान पर भी लोगों की जान चली गई, जिनका हिंसा से कोई लेना-देना नहीं था, फिर भी वे इसके शिकार बन गए। यह हमारे राष्ट्र की आत्मा पर चोट है। वहीं, ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने भी इंस्टाग्राम पोस्ट किया और लिखा-पहलगाम में जो हुआ, वह निंदनीय है। लोग वहां छुट्टियां मनाने, हनीमून मनाने, अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट करने आए थे। वे बस कश्मीर की खूबसूरती का लुत्फउठा रहे थे।

कई मासूम लोगों की जान उस तूफान में फंस गई, जिसकी उन्होंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। अपनों के सामने ही उन्हें निशाना बनाया गया। यह ऐसी घटना नहीं है जिसे हम भूलकर आगे बढ़ सकें। यह हमें लंबे समय तक परेशान करेगी। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस हमले से प्रभावित हुए हैं। आलिया भट्ट ने भी पहलगाम हमले पर अपना दुख व्यक्त किया है। आलिया ने अपने इंस्टा पोस्ट में लिखा-पहलगाम से आई खबर दिल दहला देने वाली है। निर्दोष लोगों की जान चली गई। टूरिस्ट, परिवार और वहां गए लोग बस उस खूबसूरती को जी रहे थे, सुकून की तलाश में थे, जिंदगी जी रहे थे, लेकिन अब उनकी जिंदगी में सिर्फदुख है। हर बार जब ऐसा कुछ होता है, तो यह हमारी इंसानियत को जैसे खत्म कर देता है। इस हमले में मारे गए लोगों की आत्मा को भगवान शांति दे। :: **एजेंसी**

## मौत के वक्त प्रेग्नेंट थी एक्स चाइल्ड आर्टिस्ट सोफी न्यवीडे, एक्ट्रेस के निधन की असल वजह आई सामने



**हॉ**लीवुड की एक्स चाइल्ड आर्टिस्ट सोफी न्यवीडे अब हमारे बीच नहीं हैं। 24 की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वहीं उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रिवील हुआ है कि सोफप्रेग्नेंट थीं। वर्मोंट स्वास्थ्य विभाग ने आधिकारिक तौर पर इस खबर पर मुहर लगाई है। खबरें हैं कि एक्स चाइल्ड आर्टिस्ट सोफी न्यवीडे मेंटल ट्रॉमा से भी जूझ रही थीं। उनके डेथ सर्टिफिकेट में भी इस बात का जिक्र किया गया है। सोफी का शव वर्मोंट के बेनिंगटन के एक जंगली इलाके में मिला। ये मैनचेस्टर सेंटर स्थित उनके घर से 25 मील की दूरी पर था हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर ये नहीं पता चल पाया है कि उनकी प्रेग्नेंसी कितनी आगे बढ़ गई थी। सूत्रों के मुताबिक कहा जा रहा है कि शायद वो अपने शुरुआती चरण में थीं। अभी तक वर्मोंट स्वास्थ्य विभाग ने इसका कोई जवाब नहीं दिया।

सोफी के परिवार वालों ने खुलासा किया है कि एक्ट्रेस मानसिक परेशान थीं। वहीं इस भावनात्मक उथल-पुथल से बचने के लिए वो दवाईयां लेती थीं। सोफी अकेले रहना पसंद करती थीं और अपनी प्रॉब्लम किसी से शेयर करना पसंद नहीं करती थीं। वहीं वो डॉक्टर की हेल्प लेने से भी इनकार करती थीं। सोफी के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2006 में फिल्म बेला से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने मिशेल विलियम्स और गेल गार्सिया बर्नल के साथ मैमथ में बेहतरीन काम किया था। एक्ट्रेस को स्नोबोर्डिंग और डांसिंग का बेहद शौक था। :: **एजेंसी**

## छींकते, खांसते या कूदते समय निकल जाता है यूरिन जानें इसके कारण और बचाव के आसान तरीके

**क**ई बार ऐसा होता है कि एक छोटी सी छींक या अचानक कूदने पर यूरिन लीक हो जाता है। यह समस्या विशेष रूप से महिलाओं में आम देखी जाती है और इससे शर्मिंदगी भी हो सकती है। इस समस्या को यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस कहा जाता है, जो पेल्विक फ्लोर मसल्स के कमजोर होने के कारण होती है। हालांकि यह पुरुषों में भी हो सकती है, लेकिन महिलाओं में यह अधिक पाई जाती है। इस बीमारी के दौरान, शरीर में स्टोर यूरिन अचानक से बाहर आ जाता है, खासकर छींकने या हंसने के दौरान और इसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। यदि आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए कुछ उपाय अपनाए जा सकते हैं। आइए जानते हैं इसके कारण और बचाव के उपाय। यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस समस्या महिलाओं में आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ बढ़ जाती है। यह मुख्य रूप से 30 से 35 साल की उम्र के बाद देखी जाती है। इसके कई कारण हो सकते हैं। बच्चे की डिलीवरी के बाद, महिला के शरीर के निचले हिस्से की मसल्स कमजोर हो जाती हैं, खासकर अगर बच्चे का वजन ज्यादा हो या डिलीवरी के दौरान मसल्स पर ज्यादा दबाव पड़ा हो। वजन अधिक होने या डायबिटीज की समस्या के कारण भी यह समस्या उत्पन्न हो सकती है। महिलाओं की पेल्विक फ्लोर मसल्स में कमजोरी, जो प्रेगनेंसी के बाद या उम्र बढ़ने के साथ हो सकती है। :: **एजेंसी**

# रोज खाएं ये 3 चीजें और चश्मे को कहें अलविदा

**ह**मारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हमारी आंखें होती हैं, क्योंकि हमें इस दुनिया को देखने के लिए हमारी आंखों की जरूरत होती है। आंखों की रोशनी को बनाए रखना और उसे तेज रखना बहुत जरूरी है।



अगर आपको चश्मा लग चुका है या फिर आपकी आंखों की रोशनी कम हो गई है, तो आप अपनी डाइट में कुछ खास चीजों को शामिल करके अपनी आंखों की सेहत को बेहतर बना सकते हैं। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कौन सी तीन चीजें खाने से आपकी आंखों की रोशनी तेज हो सकती है। अंडे आंखों के लिए एक बेहतरीन आहार हैं। अंडे में विटामिन ए, जिंक और ल्यूटिन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो आंखों की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं। विटामिन ए आंखों की रोशनी को तेज करता है और रतौंधी को भी रोकता है। ल्यूटिन और जिंक आंखों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से बचाने में मदद करते हैं। रोज एक अंडा खाने से आपकी आंखों की रोशनी में सुधार हो सकता है। आप अंडे को उबाल कर, सैंडविच में, ऑमलेट के रूप में या फिर किसी भी तरीके से खा सकते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां, जैसे पालक, बथुआ, मेथी और सरसों के पत्ते, आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इनमें विटामिन ए, विटामिन सी और ल्यूटिन जैसे तत्व होते हैं, जो आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। इन सब्जियों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की रोशनी को बढ़ाने और उम्र के साथ होने वाले आंखों के रोगों को कम करने में सहायक होते हैं।आप इन सब्जियों को सूप, पराठे, सलाद या किसी भी पकवान में डालकर खा सकते हैं। बीन्स और फलियां जैसे मूंग, चना, राजमा और मसूर दाल भी आंखों के लिए फायदेमंद हैं। **::लोकल डेस्क**

## प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### प्राथमिकी, छानबीन के

वाले कई आरोपी पक्षों द्वारा दायर आपराधिक अपील को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति मिश्रा ने पीठ के लिए फैसला लिखते हुए कहा, ''हमारा मानना ??है कि प्राथमिकी दर्ज हो जाने और छानबीन हो जाने के बाद, सीबीआई द्वारा जांच के निर्देश को संभावित संदिग्ध या आरोपी चुनौती नहीं दे सकते। किसी विशेष एजेंसी को जांच सौंपने का मामला अदालत के विवेक पर निर्भर करता है।'' यह विवाद एक रियल एस्टेट डेवलपर के. रघुनाथ की मौत से संबंधित है। रघुनाथ दिवंगत सांसद डीके आदिकेशवालु (डीकेए) के करीबी सहयोगी थे। रघुनाथ रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। रघुनाथ की पत्नी एम. मंजुला और बेटे ने इस मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाया था तथा कथित हत्या में डीकेए के बच्चों और सहयोगियों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। स्थानीय पुलिस के मामला दर्ज करने से शुरू में इनकार करने के बावजूद, मंजुला द्वारा दायर एक निजी शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 302 (हत्या), 120 बी (आपराधिक साजिश) और जालसाजी और धोखाधड़ी से संबंधित कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने मंजुला की याचिका पर एक फैसले में क्षेत्राधिकार के अभाव का हवाला देते हुए एचएएल पुलिस थाने को आगे की जांच के लिए दिए गए मजिस्ट्रेट के पूर्व निर्देश को रद्द कर दिया था। इसके बजाय उच्च न्यायालय ने प्रारंभिक जांच में गंभीर खामियों को उजागर करते हुए तथा स्थानीय हस्तक्षेप के बारे में चिंता जताते हुए सीबीआई को जांच अपने हाथ में लेने को कहा था।

### रिजजू बोले-आतंक

बिना उस जगह को खोल दिया गया...सुरक्षा एजेंसियों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी...हमने मांग की है कि जवाबदेही तय की जानी चाहिए और कार्रवाई की जानी चाहिए कि सुरक्षा में चूक क्यों हुई। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के बाद टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय उन्होंने कहा, सुरक्षा चूक पर चर्चा हुई। हमने सरकार को आश्वासन दिया कि देश के हित में सरकार जो भी निर्णय लेगी, सभी राजनीतिक दल उसके साथ खड़े रहेंगे। इस पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है जो आतंकवादी समूहों को पनाह देता है। अंतरराष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। सीआरपीएफ को बैसरन मैदान में क्यों नहीं तैनात किया गया?...त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा और उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली क्यों मारी...कश्मीरियों और कश्मीरी छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद होना चाहिए...मैं जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की निंदा करता हूं...यह बहुत अच्छी बात है कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है लेकिन हम पानी कहां रखेंगे?...केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे...यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। वहीं बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा ने कहा, बीजेडी ने सर्वदलीय बैठक में अपने विचार रखे... हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह इस जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। बीजेडी राष्ट्र की राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सभी प्रयासों में सरकार को अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन दोहराती है... इस बैठक से जो समग्र सहमति बनी है, वह यह है कि सभी राजनीतिक दल इस मामले पर एक साथ हैं और हम दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए सरकार की तरफ से उठाए जाने वाले हर कदम का पूरा समर्थन करते हैं। केंद्र सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने कहा, आज सरकार द्वारा सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी और इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की...डीएमके की ओर से मैंने चिंता व्यक्त की जिसे विधानसभा में सीएम एमके स्टालिन ने बयान के रूप में व्यक्त किया और हम पहलगाम में जो कुछ हुआ उसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और भविष्य में इस देश में ऐसी गतिविधियां नहीं होनी चाहिए। इसलिए हमें केवल शब्दों में व्यक्त करने और उनकी निंदा करने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। कुछ सकारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं...सरकार इस देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए जो भी ठोस और रचनात्मक कदम उठा रही है, डीएमके उसका समर्थन करेगी। जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई सर्वदलीय बैठक में सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। बता दें कि, कांग्रेस की तरफ से मांग की गई थी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता पीएम मोदी करें।

### 'धर्म पूछकर की

दिल में दुख है, हम गुस्से में हैं। लेकिन इस बुराई को खत्म करने के लिए ताकत दिखानी होगी। साथ ही भागवत ने समाज में एकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर समाज एकजुट रहेगा, तो कोई भी दुश्मन हमें नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई हमें बुरी नीयत से देखेगा, तो उसकी आंख निकाल दी जाएगी। भागवत ने कहा कि हिंसा हमारे स्वभाव में नहीं है, लेकिन चुपचाप सहना भी ठीक नहीं। एक सच्चे अहिंसक व्यक्ति को मजबूत भी होना चाहिए। ताकत हो और जरूरत पड़े, तो उसे दिखाना भी चाहिए। वहीं आरएसएस के प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने कहा कि जनादेश के नाम पर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना तानाशाही है। उन्होंने कहा कि जो लोग ईमानदार राजनीति करना चाहते हैं, उन्हें लोगों को सच बताना चाहिए और आम सहमति बनानी चाहिए। आंबेकर ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि अगर कुछ लोग जनादेश के नाम पर अपना एजेंडा आगे बढ़ाते हैं तो यह तानाशाही है और यह गलत है। सभी को संयम के साथ और राष्ट्रीय हित में अपने विचार प्रकट करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग ईमानदार राजनीति करना चाहते हैं, उन्हें लोगों को सच बताना चाहिए, उनकी राय को आकार देना चाहिए, उन्हें भविष्य में अच्छे कार्यों के लिए तैयार करना चाहिए और आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए। इसके साथ ही आंबेकर ने राजनीतिक नेताओं के समर्थकों की चुप्पी के प्रति आगाह करते हुए कहा कि बड़े समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख संगठनों को व्यापक हित में बोलना चाहिए। अगर अनुयायी कहते हैं कि उन्हें बोलने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके नेता ऐसा करेंगे, तो कुछ लोग जनादेश की आड़ में अपना एजेंडा आगे बढ़ाते रहेंगे। लेकिन मौन रहकर आम सहमति नहीं बनाई जा सकती। दूसरी ओर आरएसएस के संयुक्त महासचिव मनमोहन वैद्य ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भारत विविधता का देश जरूर है, लेकिन हमारी संस्कृति एक ही है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की एकता की जड़ें 'धर्म' में हैं, और यह धर्म का मतलब 'रिलीजन' से अलग है। मनमोहन वैद्य ने कहा, ÷हमारे पास अलग-अलग संस्कृतियां नहीं हैं, बल्कि एक ही संस्कृति है, जिसका उत्सव अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने तिरंगे के बीच बने चक्र की बात करते हुए कहा कि वह चक्र धर्म चक्र है, जो हमारे समाज के मूल सिद्धांतों का प्रतीक है। वैद्य ने कहा कि तिरंगा, सुप्रीम कोर्ट, लोकसभा और राज्यसभा सभी जगह धर्म शब्द का इस्तेमाल होता है। इसका मतलब सिर्फ रिलीजन नहीं है।

### नवाचार , टिकाऊ विकास

रखते हुए टिकाऊ विकास करना। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर समावेशी तरक्की सुनिश्चित करना। हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर और सुविधाएं देना। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना। भारत की संस्कृति, परंपरा और आधुनिक सोच को एक साथ लेकर चलना।

### आतंकवाद अपनी आखिरी

का हिस्सा बनने वाले विषैले फनों को कुचलने का काम किया जाएगा। आतंकियों को इस दुष्कृत्य की सजा अवश्य मिलेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस घटना के आगामी परिणामों को देखेगा।

### आतंकियों को देंगे

और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित किया। बताया गया कि इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत बिहार के दो लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ रुपए के सामुदायिक निवेश कोष के लाभ वितरित किए। इस अवसर पर पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी दिए गए और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी की गई। उन्होंने बिहार में एक लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश को चिन्हित करते हुए पांच लाभार्थियों को चाबियां सौंपी। इसके साथ ही कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता देने और प्रोत्साहित करने के लिए कई श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

## मल्लाही टोला-2 वार्ड में वर्षों से क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को सुएज इंडिया ने किया चालू

**लखनऊ, चसं।** वार्ड मल्लाही टोला द्वितीय के संगम चौराहा क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से क्षतिग्रस्त एवं ब्लॉक पड़ी मुख्य सीवर लाइन को सुएज इंडिया की टीम ने सफ़लतापूर्वक चालू कर दिया है। नगर निगम की नाला निर्माण इकाई द्वारा इस लाइन को पूर्व में क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। करीब 100 मीटर लम्बे इस सीवर लाइन के पैच को सुएज इंडिया की टीम द्वारा करी गयी मरम्मत से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में मौजूद कई सीवर मैनहोल में 11 केवी की भूमिगत विद्युत लाइनें गुजर रही हैं, जिसके कारण मैनहोल में जमी सिल्ट की समुचित सफ़ाई नहीं हो पा रही है। इस स्थिति से क्षेत्र के लगभग 400 घरों के लोग प्रभावित हैं और उन्हें सीवर ओवरफ्लो जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विभाग को कई बार पत्रों के माध्यम से सूचित किया जा चुका है कि विद्युत लाइन को स्थानांतरित किया जाए, लेकिन लेसा के अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सुएज इंडिया के नेटवर्क मैनेजर संजय सिंह ने बताया कि यदि लेसा अपनी टीम भेजकर इन भूमिगत विद्युत लाइनों को शिफ्ट कर दे, तो पंप के माध्यम से की जा रही वैकल्पिक सफ़ाई व्यवस्था की बजाय आधुनिक मशीन द्वारा मैनहोल की सिल्ट को प्रभावी ढंग से साफकिया जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# इग्नू और मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट के बीच एमओयू साइन

## इग्नू-एमकेआईटीएम का सहयोग खोलेगा राज्य में पर्यटन शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार : जयवीर

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू व मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूटऑफटूरिज्ममैनेजमेंटएमकेआईटीएम के बीच पर्यटन प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए आज एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। यह समझौता शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस एमओयू के अंतर्गत पर्यटन प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ उद्योग की मांगों के अनुरूप मानव संसाधन तैयार किया जा सके। विद्यार्थी अब इग्नू संचालित टूरिज्म और हास्पिटैलिटी के कोर्स एमकेआईटीएम में भी कर सकेंगे। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, इग्नू की कुलपति प्रो.उमा कांजीलाल की उपस्थिति में एमओयू साइन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. आलोक चौबे, डॉ. सोनिया शर्मा निदेशक एसओटीएचएसएम प्रो. हरकीरत बैंस, अनिल कुमार मिश्र क्षेत्रीय निदेशक डॉ.कीर्ति विक्रम सहायक निदेशक और एमकेआईटीएम के अधिकारियों की भी मौजूदगी रही। प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा,उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। घरेलू पर्यटन में हम देश में पहले स्थान पर हैं। टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं उभरकर कर सामने आई है। इसका सीधा लाभ युवाओं को मिलेगा। युवाओं के पास आवश्यक योग्यता होनी चाहिए। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित एमकेआईटीएम विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से न केवल स्किल डेवलप कर रहा है बल्कि इस क्षेत्र में मानव संसाधन की आपूर्ति भी कर रहा है। आज इग्नू के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। इससे न केवल देश बल्कि विदेशों में संबंधित इंडस्ट्री में मानव संसाधन की आपूर्ति करने में मदद मिलेगी। इग्नू की कुलपति प्रो.उमा कांजीलाल ने कहा, एमओयू हमारे लिए भी बड़ा अवसर है। इंडस्ट्री के हिसाब से हम कई नए पाठ्यक्रमों के लिए माड्यूल तैयार करेंगे। ताकि, इंडस्ट्री को अच्छे प्रशिक्षित कार्य करने वाले लोग मिले, दूसरा विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल हो सके। एमकेआईटीएम को परीक्षा केंद्र बनाया जाए। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने कहा कि इग्नू और एमकेआईटीएम के बीच हुई यह साझेदारी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत पहल है। यह स्वर्णिम अवसर उत्तर प्रदेश में पर्यटन शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस समझौते से न केवल छात्रों को लाभ होगा, बल्कि यह पर्यटन उद्योग को भी सशक्त बनाने में मदद करेगा।

आज के एमओयू हस्ताक्षर के दौरान दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं, कि वे पर्यटन और आतिथ्य सेवाओं के क्षेत्र में कार्यक्रम विकसित करने हेतु मिलकर कार्य करेंगे। इनका उद्देश्य, शैक्षिक पद्धतियों के उपयोग के माध्यम सेव्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके और इस क्षेत्र में गुणवत्ता आश्वासन के लिए कार्य किया जा सके। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इग्नू और एमकेआईटीएम के बीच एमओयू साइन पर खुशी जाहिर की। अपने संदेश में उन्होंने कहा, यह साझेदारी उत्तर प्रदेश में पर्यटन उद्योग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण मिलेगा, जो उन्हें इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। इग्नू के साथ यह सहयोग राज्य में पर्यटन शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोलेगा।



- **एमओयू के अंतर्गत पर्यटन प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स का आयोजन किया जाएगा**

**श्रावस्ती के भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के पर्यटन विकास हेतु 14707 लाख की 6 परियोजनाएं स्वीकृत :** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती के लिए 14707 लाख रूपये की 6 परियोजनाएं स्वीकृत की गई है।

परियोजनाओं का उद्देश्य जनपद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों तथा भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थलों का पर्यटन विकास करके अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन तथा प्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो सके। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र-श्रावस्ती के अंतर्गत सीताद्वार झील पर बने घाट का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु 01 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

श्रावस्ती से जातक कथाओं पर आधारित थीम पार्क के निर्माण के लिए 2394.62 लाख की परियोजना स्वीकृत की गई है। श्रावस्ती में महामंगोल बौद्धविहार परिसर स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर फ्लॉड लाइटिंग के कार्य के लिए 110.15 लाख रूपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। श्रावस्ती में यात्री सुविधाएं एवं बुद्धवनम की स्थापना के लिए 4398.37 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है, श्रावस्ती के पर्यटन विकास हेतु 7653.86 लाख तथा श्रावस्ती के कलकलहा माता मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 50 लाख रूपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। पर्यटन विभाग प्रदेश के विभिन्न जनपदों के धार्मिक, ऐतिहासिक तथा पौराणिक स्थलों को सजाने संवारने का कार्य कर रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य देशी-विदेशी सैलानियों को बुनियादे सुविधाएं सुलभ कराकर प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाना है। पर्यटन सेक्टर में असीमित संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार इस सेक्टर पर विशेष ध्यान दे रही है।

**नैमिषारण्य तीर्थस्थल के पर्यटक सुविधाओं के लिए 7189.56 लाख की 5 परियोजनाएं स्वीकृत :** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद सीतापुर के लिए 7189.56 लाख की 5 परियोजनाएं स्वीकृत की गई है।परियोजनाओं का उद्देश्य प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों नैमिषारण्य, वैदिक वेलनेस तथा नीमसार तीर्थधाम परिषद के सभागार आदि का पर्यटन विकास करके अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन तथा प्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो सके।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सीतापुर के ब्लाक-पहला में ईसरवारा मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 99.68, नैमिषारण्य में लखनऊ रिंग रोड एवं सीतापुर लिंक रोड पर पार्किंग तथा पर्यटन सुविधा केन्द्र के निर्माण के लिए 4763.08 लाख रूपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। सीतापुर के नैमिषारण्य में राजघाट एवं दशाश्वमेघ घाट के बीच खाली भूमि पर घाट के निर्माण हेतु 493.39 लाख रूपये व पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन 2.0 स्कीम के अंतर्गत वैदिक वेलनेस एक्सपीरियंस नैमिषारण्य हेतु 1780.44 लाख रूपये तथा नैमिषारण्य में स्थित सतसंग भवन में नीमसार तीर्थ धाम परिषद के सभागार में आंतरिक कार्य हेतु 52.87 लाख रूपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। सीतापुर में नैमिषारण्य तीर्थस्थल पौराणिक काल से मौजूद है। विभिन्न पर्वों पर यहां भारी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पूजा अर्चना के लिए पधारते है। यहां पर श्रद्धालुओं के लिए अवस्थापना सुविधा का विकास किया जाना सरकार की प्राथमिकता में है।

## देश-विदेश डायरी

### यूक्रेन में फिर तबाही, रूसी मिसाइल हमले में 9 की मौत व 63 घायल, बच्चों की चीखों से कांपा आसमान



**कीव, एजेंसी।** रूस ने बुधवार रात यूक्रेन की राजधानी कीव और अन्य प्रमुख शहरों पर मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोन से बड़ा हमला किया। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 बच्चों सहित 63 लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेनी प्रशासन ने इसे इस साल का सबसे गंभीर हमला बताया है। रात के करीब 2 बजे कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन ने हवाई हमले की चेतावनी जारी की। तुरंत बाद ही ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलें राजधानी के ऊपर मंडराने लगीं। शहर के केंद्र, डारनित्स्की और ओबोलोन इलाकों में विस्फोट की आवाजें सुनी गई।टेलीग्राम पर शहर की मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि रूस ने कीव को बार-बार निशाना बनाया, और इन हमलों का उद्देश्य केवल आम नागरिकों में दहशत फैलाना था। यूक्रेनी एयरफोर्स ने बताया कि रूस नेरू10 से अधिक शाहेद ड्रोन , 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और क्रूज मिसाइलें भी गिराईं। इनमें से कुछ को एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया, लेकिन कई मिसाइलें और ड्रोन रिहायशी इलाकों में जा गिरे। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि हमले में घायल हुए 63 लोगों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। एक महिला ने रोते हुए स्थानीय चौनल को बताया,हमारे पास भागने का समय ही नहीं था। एक सेकंड में सब कुछ खत्म हो गया। मेरे बेटे का सिर फट गया। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचें ने बताया कि हमलों के कारण कई अपार्टमेंट इमारतों, वाहनों और स्कूलों में आग लग गई। दमकलकर्मी और आपातकालीन कर्मी घटनास्थल पर तुरंत पहुंचे, लेकिन कई जगहों पर मलबे में फंसे लोगों को निकालने में घंटों लग गए। हमले के बाद रूस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन रूसी सेना पहले भी दावा करती रही है कि वे केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हैं, जबकि यूक्रेन का कहना है कि ये हमले जानबूझकर आम नागरिकों को निशाना बना रहे हैं।

### पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने उमड़ी हजारों की भीड़, पूरी रात खुले रखे गए सेंट पीटर्स के द्वार

**वेटिकन सिटी, एजेंसी।** सेंट पीटर्स बेसिलिका के अंदर लकड़ी के एक साधारण ताबूत में रखे पोप फ्रांसिस के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने अपेक्षा से अधिक लोगों के आने के कारण वेटिकन ने पूरी रात बेसिलिका के दरवाजे खुले रखे। वेटिकन द्वारा जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार बुधवार को साढ़े आठ घंटों के दौरान 20,000 से अधिक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मेक्सिको से आये कैथोलिक एमिलियानो फ्नांडीज आधी रात के आसपास लाइन में खड़े होकर इंतजार कर रहे थे, और दो घंटे बाद भी वह बेसिलिका नहीं पहुंच पाए थे। फ्नांडीज ने कहा, मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि मैं यहां कितना समय इंतजार करूंगा। यह सिर्फयह दिखाने का अवसर है कि मैं फ्रांसिस्को को कितना पसंद करता हूं। मुझे लगता है कि उनके प्रति मेरे मन में जो सम्मान है, उसकी वजह से मैं इंतजार कर रहा हूं। बुधवार को अपने तीन बच्चों के साथ बेसिलिका से बाहर निकलते समय रोसा स्कोर्पती नामक महिला ने कहा, हम आए क्योंकि जब वह जीवित थे तो हम उन्हें (बच्चों को) साथ नहीं ला पाए थे, इसलिए हमने सोचा कि हम उन्हें अंतिम विदाई के लिए साथ लाएंगे। फ्रांसिस का सोमवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

### 42 साल तक बहरीन में क्यों फंसे रहे गोपालन आखिरकार कैसे हुई वतन वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के गोपालन चंद्रन की 42 साल बाद वतन वापसी हुई है। इसी के साथ बेटे को एक बार देखने और गले लगाने के लिए चार दशक से इंतजार कर रही उनकी बूढ़ी मां का इंतजार भी खत्म हो गया। गोपालन 1983 में रोजगार की तलाश में बहरीन गए थे और फिर पासपोर्ट खो जाने से वहां फंस गए थे। प्रवासी लीगल सेल ने सोशल मीडिया पोस्ट में 74 वर्षीय गोपालन चंद्रन की पूरी कहानी और वापसी की जानकारी दी। गोपालन चंद्रन केरल के त्रिवेंद्रम के पास पावडिकोणम के एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। गोपालन परिवार की पालन-पोषण के लिए अच्छी नौकरी की तलाश में 16 अगस्त, 1983 को बहरीन पहुंचे थे। वे जब भारत से जा रहे थे, तब किसी युवा की तरह उनकी आंखों में भी बेहतर जिंदगी के ख्वाब और कुछ भविष्य की योजनाएं थीं, जबकि नियति को कुछ और ही मंजूर था। गोपालन चंद्रन के बहरीन पहुंचने के बाद उनके नियोक्ता (गोपालन को बहरीन बुलाने वाला शख्स) की असामयिक मौत हो गई। इसी के साथ नियोक्ता के पास जमा उनका पासपोर्ट व अन्य जरूरी दस्तावेज भी चले गए। ऐसे में पासपोर्ट समेत अन्य जरूरी दस्तावेज न होने के चलते गोपालन चंद्रन आव्रजन प्रणाली के आधिकारिक रिकॉर्ड से बाहर हो गए।

## नए सूचना निदेशक ने किया निदेशालय का निरीक्षण



**लखनऊ, चसं।** नवागत सूचना निदेशक विशाल सिंह ने सूचना निदेशालय का निरीक्षण किया। प्रत्येक प्रभागों में जाकर प्रभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा कार्मिकों से समर्पण-भाव से दायित्व निर्वहन के निर्देश दिये। श्री सिंह आज प्रातः 9:30 बजे सूचना निदेशालय पहुँचे। निदेशालय पहुँचकर उन्होने निदेशालय के समस्त तलों पर स्थित प्रभागों एवं अधिकारियों के कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभागीय प्रभारी अधिकारियों से उनके दायित्वों एवं उनकी कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त किया।

कार्मिकों की कार्यप्रणाली से नवागत निदेशक संतुष्ट नजर आये। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक, समर्पणभाव से करते रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत रखते हुए शासन की योजनाओं, उपलब्धियों एवं नीतियों के प्रचार-प्रसार में नवीन तकनीकों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किया जाये। आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर जोर दिया। निदेशक ने निदेशालय के पंचम तल पर स्थित अधिकारियों के कक्षों, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय एवं प्रथम तल स्थित प्रभागों सहित सभागार का बारीकी से निरीक्षण किया। क्षेत्र प्रचार प्रभाग के निरीक्षण के दौरान जनपदीय कार्यालयों को और भी अधिक सक्रिय किया जाये तथा जनपदों की खबरों पर भी विशेष नजर रखी जाये। प्रशासन प्रभाग के निरीक्षण के दौरान सकारात्मक सोच के साथ दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिये। विज्ञापन प्रभाग, प्रकाशन, निरीक्षा, गीत एवं नाट्य, सूचना का अधिकार प्रकोष्ट, सन्दर्भ शाखा, टीवी शाखा, लेखा प्रभाग, सूचना ब्यूरो, फोटो शाखा, संपादकीय कक्ष, प्रेस, व्यवस्था, वेव मीडिया डिजिटल मीडिया निकासी सहित अन्य समस्त प्रभागों में जाकर निरीक्षण किया तथा कार्मिकों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें दिशा निर्देश दिये।

## आतंकियों का महिमामंडन और शहीदों का अपमान सपा की फितरत : भूपेंद्र

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि आतंकियों का महिमामंडन और शहीदों का अपमान सपा की फितरत है। इस घटना से पूरा देश शोकमग्न और मर्माहत है, लेकिन सपा सुप्रीमो शहीदों पर भी राजनीति कर रहे है। आतंकियों ने जब भी ऐसी घटनाएं की हैं, मोदी सरकार ने आतंकियों और आकाओं को मिट्टी में मिलाया है। एयर स्ट्राइक हो या सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान को हमेशा करारा जवाब दिया है।

पहलगाम के दोषियों को भी उनके किए की सजा जरूर मिलेगी।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर किसी को पता है कि सपा सरकार के समय आतंकियों के मुकदमे तक वापस लिए जाते थे। न्यायालय तक को हस्तक्षेप करना पड़ा था। इन्होंने आजमगढ़ को आतंकगढ़ बना दिया लेकिन हमारी सरकार आतंकियों को घर में घुसकर मारती है। देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना ने पुलवामा का बदला लिया। सपा शहीदों व राष्ट्रनायकों का निरंतर अपमान कर रही है। हाल में इनके महाराष्ट्र के एक विधायक और यूपी से सांसद ने हमारे राष्ट्रनायकों का अपमान किया। अखिलेश ने कार्रवाई करने की बजाय इन दोनों का साथ दिया। यह बताता है कि अखिलेश सिर्फ द्वेष की राजनीति कर रहे हैं। उन्हें समाज की एकता, अखंडता से कोई मतलब नहीं है। शहीदों की नहीं बल्कि अखिलेश यादव को अपनी छवि की चिंता है। वे शहीदों की बात करते-करते अपनी छवि पर चर्चा करने लगे। जनता उनकी छवि को जानती है। भारतीय जनता पार्टी शहीदों के सम्मान से कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। पहलगाम के आरोपियों को भी मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इससे पहले भी भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अखिलेश यादव पर हमला बोला था बता दें कि पुलिस में जातिगत पोस्टिंग को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोप के बाद सरकार से लेकर संगठन तक ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सपा अध्यक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश को झूठ बोलने में महारत हासिल है। सपा शासनकाल में प्रदेश के थाने एक विशेष जाति के हवाले थे और दलितों को न्याय के लिए भटकना पड़ता था। थाने में तैनातियों में क्या-क्या होता था, ये किसी से छिपा नहीं है। चौधरी ने कहा कि उस समय सपाई गुंडे थानों पर हावी थे, जिससे आम जनता, खासकर दलितों को न्याय नहीं मिलता था। वहीं डीजीपी ने सपा अध्यक्ष को बिना नाम लिए नसीहत दी कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग पुलिस में जातिगत पोस्टिंग को लेकर अफवाह न फैलाएं। सपा और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रयागराज में पुलिस में जातिगत पोस्टिंग को लेकर सवाल उठाए। आगरा और मैनपुरी के थानों में भी जाति विशेष की तैनाती और अन्य वर्गों की उपेक्षा के आरोप लगाए। इसके जवाब में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार में भर्ती और पोस्टिंग जाति, मत या मजहब के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता और संवैधानिक दिशा-निर्देशों के आधार पर होती है। अखिलेश समय-समय पर जातियों को लेकर ऐसे झूठ बोलते हैं, जिससे समाज में वैमनस्यता बढ़ती है, जबकि मुख्यमंत्री योगी सभी से एकजुट रहने का आह्वान करते हैं। अखिलेश के झूठ को जनता अच्छी तरह से जानती है।

- **पहलगाम के आरोपियों को दिया जायेगा मुंहतोड़ जवाब**

## सेंट मीराज इंटर कॉलेज के होनहारों ने सजाई अविष्कारों की लड़ी

**लखनऊ, चसं।** कानपुर रोड हिंद नगर स्थित सेंट मीरास इंटर कॉलेज के होनहार बच्चे एक के बाद एक अविष्कार करते जा रहे हैं। पानी पिलाने वाली रोबोट लिली के बाद झाड़ू लगाने वाले रोबोट को बनाया फिर ड्रोन बनाने के बाद बच्चों ने टीचर्स की मदद से सोलर कार का मॉडल तैयार कर लिया है। गुरुवार को स्कूली बच्चों के बीच सोलर कार को चला कर दिखाया गया। सेंट मीरास इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनोद कुमार रतडा ने कहा कि बच्चों को ऐसी एडवांस शिक्षा देने की सख्त जरूरत है जो उनके जीवन में काम आ सके। बच्चों ने दो रोबोट बनाने के बाद ड्रोन बनाया और फिर आज सोलर कार बनाने में सफलता हासिल की है।






## लखनऊ में बदल गई स्कूलों की टाइमिंग डीएम ने दिया आदेश

**लखनऊ, चसं।** उत्तर प्रदेश में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है, इसे देखते हुए राजधानी लखनऊ के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। लखनऊ में अब कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 12.30 बजे तक चलेंगे। यह फैसला बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए लिया गया है। लखनऊ के डीएम विशाख जी ने इस बारे में आदेश जारी किया है। लखनऊ के डीएम विशाख जी ने जारी आदेश में कहा है कि लखनऊ में तापमान बढ़ने की वजह से विद्यार्थियों के हित में स्कूलों का समय बदला गया है। उन्होंने कहा है कि कक्षा 1 से 8 तक के सभी निजी और सरकारी स्कूलों का समय बदल दिया गया है। 25 अप्रैल से सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 12.30 बजे तक चलेंगे। यह आदेश सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा। साथ ही डीएम ने यह भी आदेश दिया है कि विद्यार्थियों की कोई भी गतिविधि बाहर यानी कि खुले में न कराई जाए।

## जन्मतिथि और जन्म स्थान के निर्धारण के लिए जन्म प्रमाण पत्र विधिमान्य दस्तावेज

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश में भी 01 अक्टूबर, 2023 के बाद जन्म लेने वाले बच्चों की जन्म तिथि एवं जन्म स्थान के निर्धारण हेतु एकमात्र विधिमान्य दस्तावेज के रूप में जन्म प्रमाण पत्र को अनिवार्य कर दिया गया है।निदेशक एवं संयुक्त महारजिस्ट्रार सीआरएस ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में अब प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

जन्म-मृत्यु की घटना घटित होने के स्थान पर ही सम्बन्धित रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु द्वारा पंजीकृत की जाएगी। जन्म-मृत्यु का पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नगर निगमों के जोनल अधिकारी, नगरपालिका परिषद,नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, सरकारी चिकित्सालयों में जन्म-मृत्यु की स्थिति में पंजीकरण हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर कार्यरत एएनएम एवं ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी,ग्राम पंचायत अधिकारी आदि रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु के रूप में अधिसूचित हैं।उन्होंने बताया कि जन्म एवं मृत्यु की घटना घटित होने के 21 दिन के भीतर रजिस्ट्रार द्वारा निशुल्क पंजीकरण किया जायेगा। 22 दिन से लेकर 30 दिन के भीतर 02 रूपये के विलम्ब शुल्क के साथ रजिस्ट्रार की अनुमति के बाद ही पंजीकृत की जाएगी। 31 दिन से लेकर 01 वर्ष के भीतर की विलंबित घटनाएँ मुख्य चिकित्साधिकारी नगरीय क्षेत्र हेतु एवं जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र हेतु की अनुमति के बाद एवं 05 रुपये के शुल्क के साथ पंजीकृत की जाएगी। 01 वर्ष के बाद उप जिला अधिकारी से निर्गत आदेश के बाद एवं 10 रुपये के विलम्ब शुल्क के साथ पंजीकृत की जाएगी। प्राइवेट अस्पताल,नर्सिंग होम के प्रभारी जन्म एवं मृत्यु की सूचना संबंधित रजिस्ट्रार को दिए जाने के लिए सूचनादाता के रूप में अधिसूचित हैं। प्राइवेट अस्पतालों को सूचनादाता आईडी प्रदान की गयीं हैं, जिसके माध्यम से रजिस्ट्रार को ऑनलाइन सूचना प्रेषित की जाती हैं एवं रजिस्ट्रार की अनुज्ञा के बाद प्रमाणपत्र परिवार को उपलब्ध कराया जाता है। एक फ़रवरी, 2020 से प्रत्येक जन्म,मृत्यु का ऑनलाइन पंजीकरण भारत सरकार के निर्धारित पोर्टल से किया जाना अनिवार्य है। इस पोर्टल के अतिरिक्त अन्य किसी पोर्टल अथवा मुद्रित हस्तलिखित रूप से जारी प्रमाण पत्र पूर्णतः अवैध घोषित है। एक फ़रवरी 2020 से पूर्व के बने हुए हस्तलिखित अथवा किसी अन्य पोर्टल से जारी प्रमाणपत्र को संबंधित रजिस्ट्रार के द्वारा क्यू आर कोड युक्त सीआरएस प्रमाणपत्र में डिजिटाइज किया जा सकता है। भारत सरकार के नवीन सीआरएस पोर्टल पर आम जनता द्वारा जन्म-मृत्यु की घटनाओं के पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र के लिए 21 दिन की समय सीमा के अंदर स्वयं ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।निदेशक एवं संयुक्त महा रजिस्ट्रार ने बताया कि प्रदेश के जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा इस संबंध में सहयोग के लिए दिव्या जैन उप निदेशक, मोबाइल 8604000883 एवं डॉ गौरव पांडेय उप निदेशक 9764201288 को नामित किया गया है।

- **जन्म और मृत्यु की घटना का पंजीकरण अनिवार्य**

## लखनऊ विश्वविद्यालय के 24 छात्रों को मिला कैम्पस प्लेसमेंट

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 24 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे कोलैबरा, वीबियॉन्ड, ब्रांच इंटरनेशनल, आईटी नोवा तथा प्लैनेट स्पार्क में हुआ है। इस पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों की लगन, परिश्रम और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का जीवंत प्रमाण है। प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होकर हमारे छात्र न केवल अपने भविष्य को उज्ज्वल बना रहे हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की गौरवशाली पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक पहुँचा रहे हैं। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि प्लैनेट स्पार्क कंपनी में बीसीए के छात्र प्रत्यूष गुप्ता और बीटेक की छात्रा अनुष्का पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर 6.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है।